


नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी



◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 139 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 25 मार्च 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर टीबी मुक्त जिला बनाने के लिए हम सबको मिलकर...

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसानों का बढ़ाया मान पेज -8 पर


## एक नजर

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का जगदलपुर एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत



**जगदलपुर।** दो दिवसीय बस्तर प्रवास पर जगदलपुर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह का जगदलपुर स्थित मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत किया गया। सीमा सुरक्षा बल के विशेष विमान से एयरपोर्ट पहुंचे गृह मंत्री श्री शाह की अगवानी पूर्व मंत्री केदार कश्यप, महेश गागड़ा, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक संतोष बाफना, बैदूराम कश्यप, लच्छूराम कश्यप, डॉ सुभाऊ कश्यप, वन विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी, पूर्व महापौर किरण देव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा सहित जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियोंद्वारा की गई।

### भूपेश सरकार की असफलता के कारण ही केंद्रीय गृह मंत्री का छत्तीसगढ़ दौरा-अजय चंद्राकर



**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं। इनके दौरे को लेकर बीजेपी पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर का बयान सामने आया है उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का दौरा एक प्रशासनिक कार्यक्रम का अंग हैं। कांग्रेस ने नक्सलियों के खिलाफ कोई लड़ाई नहीं लड़ी। इसलिए अमित शाह का दौरा और भी अहम हैं। टारगेट किलिंग में बीजेपी के नेता मारे जा रहे हैं जिसकी वजह से इसलिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को हस्तक्षेप करना पड़ रहा।

## राहुल की लोकसभा सदस्यता रद्द

# भड़के कांग्रेसियों ने भाजपा नेताओं के पोस्टर पर कालिख फेंकी, बीजेपी कार्यकर्ताओं से भिड़े

**रायपुर।** राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द किए जाने के बाद देशभर में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश देखा गया। इस फैसले से भड़के कांग्रेसी कार्यकर्ता रायपुर भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर पहुंचे और पार्टी दफ्तर के बाहर बीजेपी नेताओं के पोस्टर पर कालिख फेंकी।कांग्रेसियों ने भाजपा कार्यालय के सामने पुतला फूंका इससे भाजपा कार्यालय में मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं का गुस्सा भी भड़क उठा। इसी दौरान दोनों राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय के सामने पुतला फूंका और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस मूकदर्शक बनकर देखती रही।

### राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द सीएम की प्रतिक्रिया

*इधर, राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द किए जाने के बाद छत्तीसगढ़ में लगातार राजनीतिक प्रतिक्रिया आ रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, तानाशाह का सबसे बड़ा डर होता है कि उससे लोग डरना बंद न कर दें। आप उसे डराना चाहते हैं जो पूरे देश को कह रहा है डरो मत।*

*इंदिरा जी के साथ भी यही भूल की थी कुछ लोगों ने, बाकि फिर इतिहास है। यहीं मिलेंगे जनता की अदालत में। जनता होगी, जननेता होगा..नहीं होगा तो सिर्फ़ डर और तानाशाह। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा, मोदी सरकार लोकतंत्र का गला घोट रही है। कोर्ट ने 30 दिन का वक्त दिया था, इसे लेकर ऊपरी अदालत में चैलेंज कर सकते थे। लेकिन हम लड़ेंगे और सत्य की जीत होगी।*





### कांग्रेस भवन में पहुंची पुलिस


भाजपा कार्यालय में हुए हंगामे के बाद विवाद बढ़ता देख पुलिस के अतिरिक्त बल की तैनाती कांग्रेस भवन के बाहर भी कर दी गई थी। कांग्रेसी कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में राजीव भवन पहुंचने लगे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस भवन जाकर हंगामा करने की धमकी दी थी। इसके बाद भाजपा के कार्यकर्ता कांग्रेस भवन के बाहर पहुंच गए। उन्हें पुलिस ने रोकने काफी प्रयास किया। मगर वे नहीं माने और कांग्रेस दफ्तर में कालिख फेंक दी।

# अंबिकापुर में भूकंप का झटका

## शहर के लोगों ने भी महसूस किया झटका, भटगांव के जंगल में था केंद्र

*सात महीने में चौथी बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। पहले 11 जुलाई को कोरिया में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता 4.3 थी। इसके बाद कोरिया में ही 29 जुलाई को भूकंप आया। इसकी तीव्रता 4.6 थी। 4 अगस्त को सूरजपुर जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर भूकंप आया। इसकी तीव्रता 3.0 थी।*








**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के उत्तरी हिस्से अंबिकापुर और आसपास के लोगों ने भूकंप का झटका महसूस किया. सुबह करीब 10.28 बजे यह झटका आया. घर में रखे बर्तन गिर गए. जैसे ही लोगों ने यह झटका महसूस किया तो वे घबरा गए और घर से बाहर निकल गए. जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक भूकंप की तीव्रता 4.1 थी. इसका केंद्र अंबिकापुर से उत्तर पश्चिम में 22 किलोमीटर दूर भटगांव के जंगल को बताया जा रहा है। गौरतलब हो कि 7 महीने में चौथी बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। पहले 11 जुलाई को कोरिया में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता 4.3 थी। इसके बाद कोरिया में ही 29 जुलाई को भूकंप आया। इसकी तीव्रता 4.6 थी। 4 अगस्त को सूरजपुर जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर भूकंप आया। इसकी तीव्रता 3.0 थी। सीएम भूपेश बघेल भी इशारों-इशारों में कह चुके हैं कि बार-बार भूकंप आना चिंता का विषय है। राजधानी स्थित साइंस कॉलेज के प्रोफेसर एसएस भदौरिया भी यह मानते हैं कि सरगुजा इलाके में भूकंप के लिए कोयला खनन और खदान कारण हो सकते हैं। सूरजपुर में भूकंप के बाद यह तस्वीर भी सामने आई है, जिसमें दीवार पर दरार पड़ गई। जो आंकड़े सामने आए वह चिंताजनक टेक्टोनिक प्लेट पृथ्वी के ऊपरी सतह जिसे क्रस्ट कहा जाता है के नीचे का हिस्सा है। ऐसी कई प्लेटें हैं, जिसमं मूवमेंट होता है।

# आप उसे डराना चाहते हैं जो पूरे देश को कह रहा है 'डरो मत'-भूपेश बघेल

*रायपुर। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई है। इस पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेताओं की लगातार प्रतिक्रिया आ रही है। इसे लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। सीएम बघेल ने कहा, तानाशाह का सबसे बड़ा डर होता है कि उससे लोग डरना बंद न कर दें। आप उसे डराना चाहते हैं जो पूरे देश को कह रहा है डरो मत।*




इंदिरा जी के साथ भी यही भूल की थी कुछ लोगों ने, बाकि फिर इतिहास है। यहीं मिलेंगे जनता की अदालत में। जनता होगी, जननेता होगा..नहीं होगा तो सिर्फ़ डर और तानाशाह।कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा, मोदी सरकार लोकतंत्र का गला घोट रही है। कोर्ट ने 30 दिन का वक्त दिया था, इसे लेकर ऊपरी अदालत में चैलेंज कर सकते थे। लेकिन हम लड़ेंगे और सत्य की जीत होगी। छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने ट्वीट कर कहा, राहुल गांधी जी की लोकसभा सदस्यता खत्म कर दी गई। वह आपके और इस देश के लिए लगातार सड़क से संसद तक लड़ रहे हैं, लोकतंत्र को बचाने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। हर षड्यंत्र के बावजूद वह यह लड़ाई हर क़ीमत पर जारी रखेंगे और इस मामले में न्यायसंगत कार्यवाही करेंगे। इधर, सूरत कोर्ट द्वारा राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाए जाने पर रायपुर में आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के नेतृत्व में कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा, मोदी सरकार अपने अडानी प्रेम में लोकतंत्र का गला घोंटकर विपक्ष की आवाज दबाने का कुत्सित प्रयास कर रही है, इसके विरोध में आज कांग्रेस ने ऐतिहासिक गांधी मैदान में प्रदर्शन किया।

### राहुल गाँधी माफ़ी मांग लेते तो नहीं होता ऐसा, बीजेपी नहीं यह कोर्ट का फैसला- डॉ रमन सिंह

पूरे घटना म के बाद प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने भी प्रेस कांफ्रेंस किया और मीडिया से बातचीत की। उन्होंने आरोप लगाया की कांग्रेस के लोग नियम-कायदो को नहीं मानते हैं। उन्होंने साफ़ किया की राहुल गांधी पर जो फैसला आया हैं वह न्यायालय का फैसला हैं, ना की भारतीय जनता पार्टी का। देश में कानून से बड़ा कोई नहीं हैं। डॉ रमन ने कहा की इस तरह के मामलों से राहत मिले सके इसके लिए ही बिल लाया गया था।



### मौलिक अधिकारों का हनन कर रही मोदी सरकार : मोहन मरकाम

पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने अपने संबोधन में कहा कि, केंद्र में बैठी मोदी सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। जनता के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। राहुल गांधी ने कहा है सत्य के साथ खड़ा हूं, पूरा देश उनके साथ है।



# वर्ष 2025 तक टी. बी. मुक्त भारत का संकल्प जनभागीदारी से सम्भवः प्रधानमंत्री मोदी

## राज्यपाल हरिचंदन वन वर्ल्ड टी. बी. सम्मेलन में वर्चुअल रूप से शामिल हुए

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी में 'वन वर्ल्ड टी. बी. सम्मेलन' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर टी. बी. मुक्त भारत अभियान के तहत नई पहल कार्यक्रम की शुरूआत की गई और राज्यों और जिला स्तर के अधिकारियों को टी. बी. मुक्त भारत अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन सहित सभी राज्यों के




राज्यपाल एवं स्वास्थ्य मंत्री भी वर्चुअल तरीके से जुड़े। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा को भारत फलीभूत कर रहा है। भारत ने 2025 तक टी. बी. मुक्ति करने का संकल्प लिया है जो जनभागीदारी से ही सम्भव होगा। पूरे विश्व में 2030 तक टी. बी. से मुक्ती का लक्ष्य रखा गया है

# न्यायधानी में फिर लौटा कोरोना

## त्योहारी सीजन में हो सकता है विस्फोट

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में पिछले एक हफ्ते में कोरना के 6 नए मरीज मिले हैं और एक की मौत हुई है. स्वास्थ्य विभाग ने भी इसके लिए अलर्ट जारी कर दिया है. लोगों को कोरोना गाइड लाइन का पालन करने की अपील की जा रही है। जिले मेंपिछले कुछ महीनों से कोरोना के नए मामले नहीं आ रहे थे. लेकिन अब 3 दिन पहले हुई एक महिला की मौत के साथ ही कोरोना एक बार फिर से लौट गया है. स्वास्थ्य विभाग ने मृतक महिला की घर के आस-पास लोगों की कोरोना जांच कराने के साथ ही अलर्ट जारी कर दिया है. कोरोना गाइड लाइन की उड़ा रही धज्जियां- बदलते मौसम और मौसमी बीमारियों के साथ ही कोविड के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है. यही स्थिति मौसमी मरीजों की भी है. अस्पतालों में मौसमी बीमारियों के मरीजों की भीड़ भी बढ़ने लगी है. इस तरह की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों को अलर्ट करते हुए टेस्टिंग और ट्रेसिंग बढ़ाने के निर्देश दिए हैं. लेकिन अगर ऐसी भीड़ रही तो कोरोना का विस्फोट हो सकता है। बिलासपुर स्वास्थ्य विभाग के जिला स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी ने जिले में कोरोना को लेकर अलर्ट जारी किया है. कोरोना गाइड लाइन जारी करने की बात कही है. सीएमएचओ डॉ अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि जिन लोगों को सर्दी जुकाम और फीवर की शिकायत लंबे समय से है. उन्हें कोविड टेस्ट कराने सर्कुलर जारी किया गया है. स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल और सिम्स सहित अन्य हेल्थ सेंटरो को अलर्ट जारी कर टेस्टिंग और ट्रेसिंग बढ़ाने कहा गया है. कोविड मरीजों पर निगरानी रखने निर्देशित भी किया गया है.



सुकमा में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी

### 13 लाख के दो इनामी सहित 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नक्सल प्रभावित बस्तर दौरे से ठीक पहले सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। दरअसल, यहां 16 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में 8 लाख का एक और 5 लाख का एक इनामी नक्सली सरेंडर भी शामिल है। इसमें एक नक्सली हिड़मा ने भरमार बंदूक के साथ सरेंडर किया।

**शिलान्यास** हमारी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में और युवाओं के कल्याण के लिए उल्लेखनीय कार्य किए- भूपेश

# सीएम ने 17 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास किया

*रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में लगभग 17 करोड़ रूपए के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें 10 करोड़ 03 लाख रूपए के लोकार्पण और 6 करोड़ 58 लाख रूपए के शिलान्यास कार्य शामिल हैं।*



उन्होंने इस अवसर पर परिसर में स्थित बंजारी मंदिर में आदि शक्ति बंजारी माता का दर्शन कर पूजा-अर्चना किए और प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। साथ ही मंदिर परिसर में करीब 3 करोड़ रूपए के कार्यों का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र चाहे वह उच्च शिक्षा हो या स्कूल शिक्षा सभी में उल्लेखनीय कार्य किए हैं और युवाओं के कल्याण के लिए भी कदम उठाए हैं। राज्य सरकार ने आईटीआई के नए ट्रेड प्रारंभ किए है ताकि हमारे युवा नए क्षेत्रों में और बाजार की मांग के अनुरूप रोजगार प्राप्त कर सके। साथ ही हम 01 अप्रैल 2023 से प्रदेश के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को 2500 प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ वर्ष पहले छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कम संख्या में विश्वविद्यालय और कॉलेज थे। मगर अब विश्वविद्यालय की संख्या में अच्छी-खासी बढ़ोत्तरी हो गई है। बड़ी संख्या में कॉलेज खुल गए हैं। जहां दूरस्थ क्षेत्रों में कॉलेज नहीं थे, वहीं अब वहां के युवाओं को वहीं पढ़ने की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने इन चार सालों में दो विश्वविद्यालय खोले और 33 नए शासकीय और 76 नए अशासकीय कॉलेज खोले। वहीं इस साल 23 नए कॉलेज भी स्वीकृत हैं। इससे महाविद्यालयों के सीटों की संख्या में 1 लाख से अधिक की बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने कहा कि सीटों की संख्या बढ़ने से सबसे अधिक गरीब और ग्रामीण क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा, उन्हें पहले सीटों की संख्या कम होने के कारण शासकीय कॉलेज में प्रवेश के लिए दिक्कत होती थी, अब उन्हें शासकीय कॉलेज में आसानी से प्रवेश मिल सकेगा।



धर्मजीत जागरूक विधायक

# संगीता सिन्हा, रंजना साहू उत्कृष्ट विधायक, धर्मजीत सिंह चुने गए जागरूक विधायक

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में स्पीकर डॉ. चरणदास महंत ने उत्कृष्ट और जागरूक विधायक के नाम का ऐलान किया. इस बार सत्ता पक्ष से संगीता सिन्हा और विपक्ष से रंजना दीपेंद्र साहू उत्कृष्ट विधायक चुनी गई हैं. वहीं, धर्मजीत सिंह को जागरूक विधायक चुना गया है।



संजारी बालोद की विधायक संगीता सिन्हा 2018 में पहली बार विधायक चुनी गईं. इससे पहले उनके पति भैयाराम सिन्हा विधायक थे. संगीता ने स्नातक तक पढ़ाई की है. रंजना साहू भी 2018 में पहली बार धमतरी से विधायक चुनी गईं. रंजना अर्थ शास्त्र में एमए हैं।

धर्मजीत सिंह चार बार के विधायक हैं. सबसे पहले 1998 में विधायक चुने गए. इसके बाद 2003, 2008 और 2018 में विधायक चुने गए. उन्हें 2001 और 2006 में उत्कृष्ट विधायक का पुरस्कार मिल चुका है. राहुल, भगत और रोहित को पुरस्कार विधानसभा स्पीकर डॉ. महंत ने उत्कृष्ट संसदीय पत्रकारिता के लिए प्रिंट से राहुल जैन और इलेक्ट्रॉनिक से देवव्रत भगत व रोहित श्रीवास्तव के नाम की घोषणा की है।

# दोराहे पर विपक्ष और चौराहे पर विपक्षी एकता, केंद्र में राहुल

*गुरुवार को जब मैं यह आलेख लिख रही हूं कि कैसे भारत जोड़ो यात्रा के बाद मजबूत होते दिख रहे राहुल गांधी को कुछ विपक्षी दल संदेह से देख रहे हैं, नेहरू-गांधी परिवार के इस महत्वपूर्ण सदस्य को 2019 के उनके मोदी सरनेम को चोर से जोड़ने वाले बयान से संबंधित एक आपराधिक मानहानि के मामले में गुजरात की एक अदालत ने दोषी ठहराया है। मैं इस पर बाद में आऊंगी। भारतीय राजनीति का यह विरोधाभास है कि मजबूत राहुल भाजपा के लिए अच्छी खबर है और विपक्ष के लिए खराब खबर।*

अच्छी खबर इसलिए, क्योंकि 2024 के चुनाव के मोदी बनाम राहुल बनने की संभावना है और आज जैसे हालात हैं, उसमें लगता है कि इससे मोदी को लाभ होगा।

पूरे देश में 4,000 किलोमीटर की पदयात्रा ने राहुल का कद बढ़ाया है और यह उनकी अपनी उपलब्धि है, जिसमें परिवार के नाम का कोई योगदान नहीं है। और इसीलिए उन्हें मोदी के मुख्य विरोधी की तरह देखा जाने लगा और वह विपक्ष का %चेहरा% बनते भी दिखे, फिर चाहे विपक्षी दल उन्हें इस रूप में स्वीकार करें या न करें।

विपक्ष की ओर से नेता कौन होगा, इसका फैसला तो 2024 के चुनावों के बाद ही होगा और यह स्थिति भी तब आएगी, जब विपक्ष सरकार बनाने की स्थिति में हो, पर अभी तो ऐसा नहीं लग रहा है। लिहाजा, मोदी बनाम विपक्ष से कौन? यह बहस भाजपा के कथानक को मदद करती है, न कि विपक्ष के एजेंडा को।

आज विपक्ष दो खेमों में बंटा हुआ है और उनके मतभेद इस मुद्दे के इर्द-गिर्द केंद्रित हैं कि विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व कौन करेगा। कुछ ऐसी पार्टियां हैं, जिनका अपने राज्यों में कांग्रेस के साथ गठबंधन है और वे कांग्रेस को नेतृत्व की भूमिका देने पर राजी हो सकती हैं। इनमें द्रमुक (तमिलनाडु), झारखंड मुक्ति मोर्चा (झारखंड), राजद और जनता दल (यू) (बिहार), एनसीपी और शिव सेना (महाराष्ट्र) शामिल हैं। हाल ही में त्रिपुरा के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन करने वाली लेफ्ट पार्टियां गैर-भाजपा गठबंधन का समर्थन करेंगी, फिर कांग्रेस उसका नेतृत्व करे या न करे। इन दलों के अलावा ऐसी पार्टियां और नेता भी हैं, जो अपनी सरकार चलाने के लिए कांग्रेस पर निर्भर नहीं हैं, जिनमें ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (पश्चिम बंगाल), अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (दिल्ली और पंजाब), के चंद्रशेखर राव की बीआरएस (तेलंगाना) शामिल हैं—और ये कांग्रेस (राहुल) का नेतृत्व स्वीकार नहीं करेंगी। यहां तक कि समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने भी स्पष्ट कर दिया है कि उनकी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी और 2024 में गांधी-नेहरू परिवार का गढ़ माने जाने वाले रायबरेली और अमेठी से भी अपने उम्मीदवार खड़े करेगी। ये वे सीटें हैं, जहां सपा ने अपने उम्मीदवार खड़े नहीं कर अतीत में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को चुनाव जीतने में मदद की है।




> सूरत की एक अदालत का मानहानि के मामले में राहुल गांधी को दोषी ठहराने वाला फैसला क्या विपक्ष की राजनीति में निर्णायक बिंदु बन सकता है? या नेतृत्व को लेकर विपक्षी दलों में व्याप्त दरारों का फायदा भाजपा को होता रहेगा?

पिछले हफ्ते ममता बनर्जी ने गौतम अदाणी की प्रधानमंत्री मोदी से कथित करीबी की जेपीसी जांच की कांग्रेस की मांग से प्रत्यक्ष रूप से खुद को दूर रखा था। आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति, जो कि कांग्रेस की बड़े भाई की भूमिका को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं, कुछ अन्य पार्टियों की तरह कांग्रेस की कीमत पर ही आगे बढ़ी हैं। ये पार्टियां जानती हैं कि कांग्रेस के पुनर्जीवन की कीमत उन्हें चुकानी पड़ सकती है। लिहाजा यह सिर्फ अहंकार का मामला नहीं है, यह संकट इन क्षेत्रीय दलों के अस्तित्व के लिए भी खतरा बन सकता है। विपक्ष में गतिरोध टूटने का एक ही तरीका हो सकता है कि राहुल पीछे हट जाएं और विपक्षी एकता का मार्ग प्रशस्त करें। लेकिन ऐसा कहना आसान है, करना कठिन। यह कांग्रेस के नए जुड़े समर्थकों को हताश करने जैसा होगा, जिन्होंने भले ही अभी यह तय न किया हो कि वे किसे वोट देंगे, लेकिन राहुल को नई उम्मीद के रूप में देख रहे हैं। क्षेत्रीय दल अभी अपनी स्थिति को तौल ही रहे थे कि राहुल को दोषी ठहराने वाला फैसला आ गया। सूरत की अदालत के राहुल को दोषी ठहराने वाले फैसले के कुछ मिनट बाद ही राहुल के पक्ष में सबसे महत्वपूर्ण समर्थन आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने जताया, जबकि उन्हें विपक्ष की किसी भी अन्य पार्टी की तुलना में कांग्रेस के सबसे बड़े विरोधी के तौर पर देखा जाता है। यह अतीत से आगे बढ़ने का भी संकेत है; जबकि दिल्ली और पंजाब में आप को सफलता मिली ही कांग्रेस की कीमत पर है। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जब शराब घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, तब कांग्रेस उनके बचाव में सामने नहीं आई थी। अपने दो लेफ्टिनेंट-सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के जेल में होने और केंद्र तथा उपराज्यपाल के साथ हर कदम पर टकराव होने के कारण केजरीवाल अलग-थलग पड़ गए हैं। यहां तक कि उनके लिए दिल्ली का बजट पारित करवाना भी मुश्किल हो गया। ऐसे में उन्हें लग रहा हो कि विपक्षी दलों को निशाना बनाने में भाजपा किसी भी हद तक जा सकती है।

नीरजा चौधरी

## संपादकीय

### वादा-खिलाफी के खिलाफ

शिकायत यह है कि 2021 में किसान आंदोलन खत्म कराने के समय सरकार ने जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया। तो अब किसानों ने फिर संघर्ष छेड़ने का इरादा जताया है। इस इरादे को जताने के लिए बड़ी संख्या में किसान दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचे।

दिल्ली में फिर किसानों का फिर जमावड़ा लगा। उनकी शिकायत यह है कि 2021 में किसान आंदोलन खत्म कराने के समय सरकार ने जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया। तो अब किसानों ने फिर संघर्ष छेड़ने का इरादा जताया है। इस इरादे को जताने के लिए बड़ी संख्या में किसान दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचे। इसके बाद उन्होंने जमीनी स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक संघर्ष के कार्यक्रम का एलान किया है। इस दौरान किसान केंद्र सरकार से संयुक्त किसान मोर्चा को 9 दिसंबर 2021 को दिए गए लिखित आश्वासनों को पूरा करने की मांग करेंगे। साथ ही किसानों के लगातार बढ़ते संकट के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की जाएगी। किसानों की एक पुरानी मांग स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार सभी फसलों पर एमएसपी की गारंटी के लिए कानून बनाने की है। किसान सरकार की तरफ से बनाई गई उस कमेटी से असंतुष्ट हैं, जो किसान आंदोलन खत्म होने के बाद बनी थी। संयुक्त किसान मोर्चा का आरोप है कि केंद्र सरकार द्वारा एमएसपी पर गठित समिति और इसका घोषित एजेंडा किसानों की मांगों के विपरीत है। कृषि संकट में है, इसमें दो राय नहीं है। हाल में महाराष्ट्र में प्याज किसानों की जैसी मुसीबत हुई, वह देश भर के मीडिया में सुर्खियों में आई।

# परिदृश्यः जम्मू-कश्मीर में बदलता कारोबारी माहौल और विदेशी निवेश की संभावनाएं

*पिछले दिनों श्रीनगर के सेमपोरा में विदेशी निवेश से निर्मित होने वाले 250 करोड़ रुपये की लागत के एक मॉल की आधारशिला उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रखी। यह श्रीनगर ही नहीं, विदेशी पूंजी से बनने वाला प्रदेश का पहला मॉल होगा, जिसे 2026 तक पूरा किए जाने का लक्ष्य है। दुबई का एम्मार समूह इसका निर्माण कर रहा है। इसके अलावा जम्मू और श्रीनगर में डेढ़ सौ-डेढ़ सौ करोड़ रुपये की लागत वाले एक-एक आईटी टावर का विनिर्माण भी एम्मार समूह कर रहा है।*

यह इसका प्रमाण है कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद की बदली परिस्थितियों में जम्मू-कश्मीर में भी विदेशी निवेश आ रहा है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के मुताबिक, नई औद्योगिक नीति आने के 22 महीनों में 5,000 से अधिक देसी व विदेशी कंपनियों के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।



यह सच है कि वहां नए उद्योग आरंभ हो रहे हैं। यह प्रदेश के बदलते आर्थिक, वित्तीय व कारोबारी स्थिति का ही प्रमाण है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शिलान्यास की गई परियोजनाओं की कुल लागत 38 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। प्रदेश ने अगले कुछ वर्षों में कुल 75,000 करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा है। वस्तुतः जम्मू कश्मीर को लेकर केंद्र सरकार पूर्व की सभी सरकारों से अलग दृष्टिकोण से काम कर रही है। आर्थिक गतिविधियों द्वारा प्रदेश का माहौल बदलना इनमें प्रमुख है। हाल ही में इंडिया-यूएई इन्वेस्टर्स मीट में जम्मू कश्मीर की ओर से उपराज्यपाल सिन्हा ने घोषणा की कि निवेश संबंधी प्रस्ताव आने के 15 दिन के अंदर जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। देश के किसी भी प्रदेश में ऐसी घोषणा शायद ही हुई हो। भले ही जम्मू कश्मीर में आतंकवादी घटनाएं पूरी तरह बंद नहीं हुई हैं, पर शांति और बेहतर सुरक्षा माहौल को कोई नकार नहीं सकता। आम लोग यह महसूस करने लगे हैं कि पहले की तरह आतंकवादियों के पनपने, उन्हें संरक्षण मिलने तथा हिंसात्मक गतिविधियों के लिए अनुकूल माहौल नहीं है। पिछले वर्ष एक करोड़ 88 लाख पर्यटकों के आने की सूचना है। अनुच्छेद 370 हटाने के साथ ऐसे अनेक कानूनों का अंत कर दिया गया, जो वहां की स्वाभाविक, आर्थिक व कारोबारी गतिविधियों के रास्ते की बाधाएं थीं। अगर भूमि कानून नहीं बदला होता, तो उपराज्यपाल यह वादा नहीं कर सकते थे कि निवेश घोषणा के 15 दिनों के अंदर जमीन उपलब्ध हो जाएगी। हालांकि शत-प्रतिशत आधारभूत ढांचा तैयार हो गया है, यह नहीं कहा जा सकता। मगर तीन वर्षों में निवेश के लिए वातावरण तैयार करने में काफी सफलता मिली है। जम्मू कश्मीर में कारोबार के लिए बुनियादी ढांचा विकसित किया जा रहा है। सामान्य एवं प्रोफेशनल शिक्षा का भी विस्तार हुआ है। अभी तक कृषि और पर्यटन जम्मू कश्मीर की अर्थव्यवस्था का मूलाधार रहा है। लेकिन अब कंपनियां पैकेजिंग, कोल्ड स्टोरेज, रसद, खाद्य प्रसंस्करण, फार्मास्यूटिकल, चिकित्सा, पर्यटन और शिक्षा क्षेत्र में भी रुचि दिखा रही हैं और निवेश कर रही हैं। स्वाभाविक ही आधारभूत संरचना एवं सरकारी नीतियों का ध्यान इन्हीं पर होगा।

भौतिक और डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में जम्मू कश्मीर आज बदलाव का परिदृश्य उत्पन्न कर रहा है। एक लाख करोड़ रुपये की तो हाईवे और उससे जुड़ी अन्य परियोजनाएं चल रही हैं। रेल मार्ग के जरिये कश्मीर को इसी वर्ष कन्याकुमारी से जोड़ने पर तेजी से काम चल रहा है। हवाई अड्डों का आधुनिकीकरण हुआ है। इन सबसे निवेशकों के अंदर विश्वास पैदा हुआ है।

अवधेश कुमार

## मिला जुला

# छत्तीसगढ़ में महसूस हुए भूकंप के झटके, डर का माहौल; 4.1 रही तीव्रता

*उत्तर छत्तीसगढ़ में शुक्रवार सुबह करीब 10.28 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.1 मापी गई है। भूकंप आते ही लोग डर के मारे घरों से बाहर निकल आए।*




**रायपुर.** उत्तर छत्तीसगढ़ में शुक्रवार सुबह 10.28 बजे भूकंप के झटके आए। भूकंप का झटका करीब छह सेंकेंड तक महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र अंबिकापुर से 22 किलोमीटर दूर सूरजपुर जिले के भटगांव के पास बताया गया है। भूकंप की अनुमानित तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.1 मापी गई है। पिछले दस माह में उत्तर सरगुजा में यह भूकंप का छठा झटका है। उत्तरी छत्तीसगढ़ भूकंप के लिहाज से अति संवेदनशील बन गया है। उत्तरी छत्तीसगढ़ भूकंप के फाल्ट जोन में है। शुक्रवार 24 मार्च की सुबह 10.28 बजे भूकंप के जोरदार झटके से लोग घरों के बाहर आ गए। भूकंप के झटके करीब छह सेकेंड तक महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.1 बताई गई है। भूकंप का केंद्र अंबिकापुर से 22 किलोमीटर दूर सूरजपुर जिले के भटगांव के पास भूतल से 67 किलोमीटर अंदर था। भूकंप का झटका सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर सहित जशपुर जिलों में भी महसूस किए गए।

# राहुल गांधी को क्यों दी सख्त सजा, कोर्ट ने बताई वजह; सुप्रीम कोर्ट की नसीहत भी दिलाई याद

**सूरत.** 'मोदी' उपनाम को लेकर 2019 में दिए गए बयान को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर आपराधिक मानहानि का दोष सिद्ध हो गया है। सूरत की जिला अदालत ने गुरुवार को राहुल गांधी को दोषी करार देते हुए 2 साल जेल की सजा सुनाई। हालांकि, कोर्ट ने उनकी सजा को 30 दिन के लिए निलंबित रखा है और 15 हजार के बॉन्ड पर उन्हें जमानत दे दी। कोर्ट ने केरल के वायनाड से सांसद राहुल को आईपीसी की धारा 499 और 500 के तहत दोषी बताया।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट एचएच वर्मा ने अधिकतम सजा देते हुए यह भी बताया कि क्यों उनपर रहम नहीं किया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि यदि राहुल को कम सजा दी गई तो इससे समाज में गलत संदेश जाएगा। जज ने कांग्रेस नेता की ओर से दिए गए 'चौकीदार चोर है' बयान और सुप्रीम कोर्ट की ओर से दी गई चेतावनी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'यदि दोषी को कम सजा दी गई तो यह आम लोगों में गलत संदेश देगा और मानहानि केस का उद्देश्य पूरा नहीं होगा, कोई भी किसी का अपमान करेगा।'



## राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द

**चार साल** पुराने एक आपराधिक मानहानि में दो साल की सज़ा मिलने के एक दिन बाद शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई है. लोकसभा सचिवालय ने एक अधिसूचना जारी करके यह जानकारी दी है. अधिसूचना में बताया गया है कि केरल की वायनाड लोकसभा सीट के सांसद राहुल गांधी को सज़ा सुनाए जाने के दिन यानी 23 मार्च, 2023 से अयोग्य करार दिया जाता है. ऐसा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 102 (1) और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत किया गया है.

## एक नजर

### गंगा, ब्रह्मपुत्र नदियों में कम हो सकता है जल का प्रवाह, संयुक्त राष्ट्र ने भारत को दी चेतावनी




**संयुक्त राष्ट्र.** उत्तर भारत की जीवनरेखा कही जाने वाली सिंधु, गंगा, ब्रह्मपुत्र नदियों को लेकर संयुक्त राष्ट्र ने गंभीर चेतावनी दी है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने आगाह किया कि आने वाले दशकों में ग्लोबल वार्मिंग के कारण हिमनद घटने से भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र जैसी प्रमुख हिमालयी नदियों में जल प्रवाह कम हो सकता है। 'इंटरनेशनल ईयर ऑफ ग्लेशियर प्रिजर्वेशन' पर बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में गुतारेस ने यह बयान दिया।

# काशी को पीएम मोदी की सौगात, 9 प्रोजेक्टों का शिलान्यास

## 1800 करोड़ की योजनाओं की दी सौगात

वाराणसी/लखनऊ. वाराणसी के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 1800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास किया. साथ ही देश के पहले रोप-वे पब्लिक ट्रांसपोर्ट का भी उद्घाटन किया. पीएम मोदी आज काशीवासियों को विकास की 28 परियोजनाओं की सौगात दी. इसके साथ ही 19 परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया.

वाराणसी दौरे के अवसर पर पीएम मोदी ने वन वर्ल्ड टीबी समिट को संबोधित किया. पीएम मोदी ने कहा कि काशी टीबी के खिलाफ वैश्विक संकल्प को नई ऊर्जा को देगी. हाल ही में भारत ने वन अर्थ वन हेल्थ के विजन को बढ़ाने की पहल की है. 2014 के बाद से भारत ने नई सोच और अप्रोच के साथ टीबी के खिलाफ काम करना शुरू किया, वह अभूतपूर्व है. भारत का यह प्रयास आज पूरे विश्व को इसलिए जानना चाहिए, क्योंकि यह टीबी के खिलाफ लड़ाई का एक नया मॉडल है.




### सौर ऊर्जा परियोजना का लोकार्पण

पीएम सौर ऊर्जा परियोजना की भी शुरुआत की. इससे जलकल विभाग न सिर्फ बिजली बचाएगा, बल्कि बिजली को बेचेगा भी. इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत 17.24 करोड़ रुपये है. इसमें 14,400 स्कायर मीटर में करीब 3700 से अधिक सोलर पैनल लगाए गए हैं, जिसमें 40 सोलर ट्री हैं. एक सोलर ट्री पर 10 सोलर पैनल लगे होंगे. यहां सौर ऊर्जा से कुल 2 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा और सोलर पैनल से प्रतिदिन औसतन 9000 यूनिट बिजली पैदा होगी.

### उत्तरप्रदेश से पंजाब तक बारिश का अलर्ट, आज दिल्ली में भी बरसेंगे बादल

नई दिल्ली। एक पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम विभाग ने अगले दो-तीन दिनों के लिए देश के कई हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। इसके अलावा आईएमडी ने किसानों के लिए चेतावनी भी जारी की है। उन्हें गेहूं की कटाई को कुछ दिनों के लिए टालने की सलाह दी गई है। ताजा वेजर अपडेट्स के मुताबिक, अगले दो दिनों तक पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश सहित दिल्ली एनसीआर के इलाकों में आसमान में बादल छाए रहेंगे और रुक-रुक कर बारिश भी हो सकती है। आईएमडी ने अपने अलर्ट में आंधी के साथ ओले गिरने की भी संभावना जताई है। मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और विदर्भ रीजन में 25 और 26 मार्च को बारिश हो सकती है। इस दौरान यहां आंधी-तूफान की भा संभावना है।

## कोरोना केसों में फिर उछाल

### गुजरात-महाराष्ट्र समेत 4 राज्यों में ज्यादा चिंता



**नई दिल्ली.** देश में कोरोना एक बार फिर रफ्तार पकड़ने लगा है। शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी कि भारत में 1,249 नए कोरोनोवायरस मामले दर्ज किए गए। इस तरह सक्रिय मामले बढ़कर 7,927 हो गए हैं। वहीं, कर्नाटक और गुजरात में एक-एक मौत के साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,30,818 हो गई है। देश में पिछले एक सप्ताह से दैनिक कोरोनावायरस मामलों में वृद्धि सामने आई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार महाराष्ट्र, गुजरात, केरल और कर्नाटक मामलों में वृद्धि की रिपोर्ट करने वाले राज्यों में से हैं। देश में कोरोना का डेली पॉजिटिविटी रेट 1.9 प्रतिशत है। जबकि वीकली पॉजिटिविटी रेट 1.14 प्रतिशत पहुंच गया है। शुक्रवार सुबह आठ बजे केंद्र सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 1249 नए मामलों के साथ देश कोविड मामले की संख्या 4.47 करोड़ (4,47,00,667) हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि सक्रिय मामलों में अब कुल संक्रमणों का 0.02 प्रतिशत शामिल है, जबकि राष्ट्रीय कोविड-19 रिकवरी दर 98.79 प्रतिशत दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में 1,05,316 परीक्षणों के साथ अब तक कोविड का पता लगाने के लिए 92.07 करोड़ परीक्षण किए जा चुके हैं।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शनिवार 25 मार्च 2023

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा से किसानों में खुशी की लहर

## एक एकड़ में अब 20 क्विंटल धान खरीदी की मुख्यमंत्री बघेल ने की घोषणा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में किसानों के हित में बड़ी घोषणा करते हुए प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान के समर्थन मूल्य पर खरीदी करने की घोषणा की।**





*गांव के किसानों ने कहा अब धान की बिक्री और बोनस दोनों में फायदा मिलेगा*

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमारे राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हमारे किसान भाई हैं। उन्होंने कहा कि भेंट-मुलाकात के दौरान जहां भी गया किसानों की एक ही मांग थी, समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी की जाए। किसानों के मांग अनुरूप धान की बिक्री सीमा 15 क्विंटल से बढ़ाकर अब 20 क्विंटल कर दिया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई इस घोषणा से जिले के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। किसानों ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के किसान हितैषी फैसलों से छत्तीसगढ़ के किसानों में बेहद खुशी है। किसानों की ऋण माफी की, राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों को सशक्त बनाया। कभी हमने सोचा नहीं था कि गोबर एवं गौमूत्र बेचकर भी इसका फायदा उठायेंगे। प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान के समर्थन मूल्य पर खरीदी की घोषणा को सुनकर सभी किसानों ने मुख्यमंत्री को अपना धन्यवाद ज्ञापित किया है। ग्राम-जुर्डा के किसान ललित राठिया ने बताया कि वे अपने 5 एकड़ भूमि में धान एवं सब्जी फसल की खेती करते है। मुख्यमंत्री ने जब प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान के समर्थन मूल्य पर खरीदी करने की घोषणा की तो सुनकर बेहद खुशी महसूस हुई। क्योंकि 15 क्विंटल धान बेचने के बाद हमारे पास धान बच जाता था, जिसको हमें औने-पौने दामों में बेचना पड़ता था। जिससे काफी नुकसान होता था। ग्राम-सकरबोगा के किसान श्री दुखीराम सरकार के इस फैसले से खुश हैं। उन्होंने कहा कि अब इससे हम पूरा धान की बिक्री कर सकेंगे और हमें बोनस का भी फायदा मिलेगा। इसी तरह कृषक श्री नवीन सिदार शासन के इस फैसले से बहुत खुश हुए। उन्होंने बताया कि उनका पूरा परिवार खेती-किसानी पर निर्भर है। वे अपना पूरा धान सहकारी समिति में विक्रय करते है। उनका कहना था कि 15 क्विंटल धान बेचने के बाद धान बच जाता था। जिसको घर में रखने से परेशानी होती थी या तो बचे धान को कम कीमत पर बेचना पड़ता था। जिसकी वजह से काफी नुकसान होता था, वहीं बोनस का लाभ भी नहीं मिल पाता था।

## एक नजर

### समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन के पास राखड डम्प महिलाओं को डिलेवरी में हो रही दिक्कत

राखड के कारण नवजात शिशु के स्वास्थ पर पड़ेगा प्रभाव

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



सक्ती जिला के ग्राम पंचायत आसौदा में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास बनी गोठान में राखड डम्प की जा रही है जिसके कारण समुदाय स्वास्थ केन्द्र में डिलेवरी के लिए आ रही महिलाओं को राखड के कारण परेशानी हो रही है। वहां से गाम पंचायत जामपाली जाने वाले नागरिकों को रोड़ पर राखड डाल देने के कारण आने जाने वाले राहगीर एवं ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। ग्रामवासी का कहना है कि राखड तो डाल दी गई है। लेकिन पानी का छिड़काव नहीं होने के कारण धूल उड़ रही है जो कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। समस्त ग्रामवासियों जिला प्रशासन से अनुरोध करते हैं। इस पर तत्काल कार्रवाई करें एवं पानी का छिड़काव जल्द से जल्द करवाया जाए।

### राज्य ताइक्कांडो टीम में 22 खिलाड़ी शामिल नेशनल स्पर्धा में कटक में दिखाएंगे प्रतिभा

**कोरबा** । खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय भारत सरकार और ताइचांडो फेडरेशन आफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में उड़ीसा के कटक में आयोजित 36वीं जूनियर राष्ट्रीय ताइचांडो स्पर्धा में शहर के 22 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। खिलाड़ियों ने राज्य ताइचांडो टीम में स्थान बनाया है।

स्पर्धा 25 से 27 मार्च तक जेएम इनडोर स्टेडियम कटक में आयोजित है। राज्य से 35 सदस्य टीम स्पर्धा में भाग लेने के लिए गुरुवार को कटक रवाना हो गई। छत्तीसगढ़ ताइचांडो संघ और जिला ताइचांडो एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 18 वीं राज्य स्तरीय ताइचांडो प्रतियोगिता का आयोजन कोरबा में किया गया था। जिसमें सब जूनियर वर्ग में सबसे अधिक कोरबा के खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक हासिल कर राज्य स्तरीय टीम में अपना स्थान बनाया। टीम में बालक वर्ग में श्रीहान चंद्रा, सक्षम नेताम, वेदांत कश्यप, वंश खरे एएआर कार्तिकेयन,हिमांक डागा, लक्ष्य पटेल एश्रेष्ठ झा,अधिकार द्विवेदी, जय सोनकर शामिल हैं। बालिका वर्ग में जीविशा जैन, आफ्शा अंसारी, दशा चौधरी, अनिका द्विवेदी, अन्वेषा धुर्य, प्रियांशी वर्मा, आंचल कोहली एस्तुति भूरे, पूर्वी कवर, आरना अग्रवाल, आरिका अग्रवाल, प्रतियोगिता में हिस्सा लेगे।

# सरस्वती शिशु मंदिरों में पढ़ाने वाले गणित शिक्षकों की कार्यशाला बिलासपुर में आयोजित

**कोरबा** । विद्या भारती ने सरस्वती शिशु मंदिरों में पढ़ाने वाले गणित शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन बिलासपुर में किया। यहां से गए शिक्षक गणित अध्यापन की रोचक शैली का प्रशिक्षण लेकर वापस लौट आए हैं।

विद्या भारती संवाद प्रमुख संस्कार श्रीवास्तव ने बताया कि कोरबा और बिलासपुर संभाग के करीब 35 स्कूलों के शिक्षकों का चयन कर कार्यशाला आयोजित की, जिसमें बताया गया कि गणित का दर्शन जीवन दर्शन है। गणित का अपना नैतिक, आध्यात्मिक पक्ष व उज्जवल इतिहास रहा है। लिहाजा शिक्षक बच्चों को गणित से फेमलियर होने का पाजीटिव माहौल कक्षा में बनाएं। इसके लिए शिक्षकों को खुद शिक्षण कौशल में पारंगत होकर बच्चों के मन से गणित का डर दूर कर इसे अधिकाधिक रोचक बनाना होगा। विद्या भारती के वैदिक गणित विशेषज्ञ देवेन्द्र देशमुख ने गणित शिक्षण उन्नयन कार्यशाला में कहा कि कुछ माता पिता और शिक्षक बच्चों को गणित विषय कठिन बताते हैं। इसकी वजह से बच्चा गणित के प्रति पूर्व मानसिकता से ग्रसित नकारात्मक हो जाता है, यह अनुचित है।

गणित दूसरे विषयों जैसा ही सरल हमारे व्यवहारिक जीवन से जुड़ा विषय है। इसीलिए पेरेंट्स और शिक्षक दोनों की जिम्मेदारी है कि वह गणित शिक्षण के लिए अनुकूल वातावरण स्कूल और घर में बनाएं। वैदिक गणित के संबंध में भारत के उज्जवल इतिहास की कहानी बच्चों को बताई जानी चाहिए। जिससे बच्चों में गणित के प्रति अधिक से अधिक रुचि जागे। इस अवसर पर विभिन्न सत्र हुए जिसमें गणित उन्नयन को लेकर विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

# सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के लिए एसडीएम, सीएमओ पूरी रखे तैयारी - कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के सर्वे की तैयारी के संबंध में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी एसडीएम एवं सीएमओ की ऑनलाईन बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण अति महत्वपूर्ण है, इसके लिए सभी व्यापक तैयारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि आर्थिक सामाजिक सर्वेक्षण का कार्य 1 अप्रैल से शुरू किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण करनी है। सर्वे के लिए प्रशिक्षण देने वाले मास्टर ट्रेनर से लेकर सर्वे करने वाली टीमों का गठन कर लिया जाए। चूंकि सर्वे का डेटा ऑनलाईन फीड किया जाना है। इसलिए आवश्यक है कि इसके सभी तकनीकी पहलुओं को लेकर जरूरी ट्रेनिंग भी पूरी कर ली जाए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि सर्वे करते समय प्रगणक किसी भी मकान का फोटो खींचे तो उसमें मुखिया और मकान का नंबर स्पष्ट दिखना चाहिए। प्रपत्र में आधारभूत जानकारी प्रविष्टि करनी है। एक टीम लगभग 400 घरों का सर्वे करेंगे। लगभग 750 के घरों के लिए दो टीम सर्वे का काम करेंगे। एक टीम में एक पुरूष शासकीय कर्मी और एक महिला मितानिन या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि शासकीय तौर पर कार्यरत महिलाएं हो सकती हैं। एप में राशन कार्ड के डाटा, नया राशन कार्ड एन्ट्री, परिवारों के सदस्यों की सूची और उनका कौशल प्रशिक्षण, प्रशिक्षण के उपरांत उनका वर्तमान आय, भूमि, आयकर दाता, आवास, शौचालय, वाहन, घरेलू रसोई गैस, आधार की सहमति आदि की जानकारी होगी।

जिला पंचायत सीईओ श्री मिश्रा ने कहा कि जिला और ब्लॉक स्तर पर प्रगणकों की भर्ती, ट्रेनिंग का स्थान, संख्या ड्यूटी आर्डर आदि कार्य करना है। अच्छे ट्रेनर से इस एप्प का वीडियो बनाकर इसको शेयर करके प्रशिक्षण दिया जा सकता है। 01 अप्रैल से सभी जिले और ब्लाक में कार्य शुरू किया जाना है। किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए जिला एवं जनपद स्तर पर नोडल नियुक्त किए गए है। सर्वेक्षण कार्य संपन्न होने पर ग्राम सभा की विशेष बैठक बुलाकर सर्वेक्षण की जानकारी प्रदान कर सभी से प्राप्त किया जाए। इस अवसर पर सभी एसडीएम, सीएमओ, रोजगार अधिकारी एवं संबधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 27 अनाधिकृत निर्माण हुए नियमित, शासन की योजना के तहत की गई अनुशंसा

## कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में हुई समिति की बैठक अब तक 128 अनाधिकृत निर्माण हुए नियमित

**रायगढ़।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में आवासीय एवं गैर आवासीस अनाधिकृत निर्माण के नियमितीकरण की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें रायगढ़ निवेश क्षेत्र अंतर्गत 25 आवासीय एवं 2 गैर आवासीय प्रकरणों सहित कुल 27 प्रकरणों के नियमितीकरण (वैध करने)हेतु अनुशंसा की गई। इसके पूर्व 101 अनाधिकृत निर्माण नियमित किये गये है। इस प्रकार अब तक कुल 128 अनाधिकृत निर्माण का नियमितीकरण किया गया है।

अवैध निर्माण के नियमितीकरण हेतु शासन द्वारा छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण संशोधन अधिनियम 2022 एवं नियम 2022 लागू किया गया है। इस नियम के तहत आवासीय एवं गैर आवासीय तथा भूमि उपयोग का परिवर्तन कर किए गए अनाधिकृत निर्माण को वैध कराया जा सकेगा। इसके लिए भवन मालिकों को नगर निगम कार्यालय के भवन विभाग में आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ कुछ कागजात जैसे खसरा बी-1, बी-2, भवन अनुज्ञा आदि भी जमा करना होगा। अब तक प्राप्त नियमितीकरण के लिए प्राप्त आवेदनों के प्रकरण बनाकर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग को भेजा गया। जिसके पश्चात इन प्रकरणों पर समिति की बैठक में निर्णय लेकर नियमितीकरण (वैध घोषित करने) की कार्यवाही की गई।

### शासन की योजना का लाभ लेकर अनाधिकृत निर्माण को करा सकते है वैध

### 120 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के भू-खण्ड पर नहीं लगेगा कोई शुल्क, उससे अधिक होने पर क्षेत्रफल अनुसार निर्धारित की गई है राशि

प्रकरणों के निराकरण हेतु शासन द्वारा मापदंड निर्धारित किया गया है। इनमें आवासीय प्रयोजन हेतु अनाधिकृत निर्माण में 120 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखंड पर निर्मित भवनों पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, किन्तु 120 वर्ग मी.से 240 वर्ग मी.क्षेत्रफल के भूखण्डों पर 125 रुपये प्रति वर्ग मीटर, 240 से 360 वर्ग मीटर तक क्षेत्रफल के भूखण्डों पर 200 रुपये प्रति वर्ग मीटर तथा 360 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल के भूखण्डों पर 300 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से शुल्क की गणना की जाएगी। इसी प्रकार व्यावसायिक भूखण्डों के नियमितीकरण तथा भू उपयोग परिवर्तन के लिए भी मापदण्ड निर्धारित किए गए है।

### नियमितीकरण के लिए इनसे कर सकते हैं संपर्क

*नियमितीकरण से संबंधित जानकारी लेने एवं नियमितीकरण की प्रक्रिया को समझने के लिए निगम के उप अभियंता श्री मुन्ना ओझा मोबा.नंबर 7389810253, सहायक अभियंता श्री सूरज कुमार देवांगन मोबा.नं.87702-86364 एवं लिपिक श्री प्रदीप तिवारी 7987112918 पर संपर्क कर सकते हैं।*

# खालिस्तान और समर्थकों के विरोध में उतरे सिख समुदाय के लोग

*देशद्रोहियों को देंगे मुंहतोड़ जवाब*




**रायपुर।** राजधानी रायपुर में खालिस्तान व अमृतपाल के समर्थन में नारेबाजी और रैली को लेकर छत्तीसगढ़ में चल रही सियासत के बीच एक नया वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में सिख समुदाय के लोग रायपुर के भगत सिंह चौक में खालिस्तान के विरोध में लगाए। उन्होंने कहा, हम देश विरोधी ताकतों का डटकर मुकाबला करेंगे। सिख समुदाय खालिस्तान और उसके समर्थकों का विरोध करते हैं। इस दौरान उन्होंने भारत माता की जय, देश का नहीं वह हमारे धर्म का नहीं, हमारे पूर्वजों ने हिंदुस्तान के लिए कुर्बानी दी ना कि खालिस्तान के लिए और मेरा अभिमान मेरा हिंदुस्तान जैसे कई देशभक्ति नारे लगाए। इस वीडियो को पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने भी ट्वीट किया है। उन्होंने कहा, रायपुर में खालिस्तान समर्थक अमृतपाल के समर्थन में कुछ लोगों ने रैली निकालकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की है। खालिस्तान के नाम पर भारत के टुकड़े करने साजिश रच रहे लोगों को रायपुर के सिख भाइयों ने करारा जवाब दिया है।

देशद्रोहियों को मुंहतोड़ जवाब देंगे।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलगहना ने सरकार की जनल्याणकारी योजनाओं एवं भरोसा सम्मेलन में सम्मिलित होने आहूत की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



छत्तीसगढ़ शासन की अनेंको जन कल्याणकारी योजनाओं को जन.जन तक पहुचाने एवं उसका उचित लाभ लोगों को दिलाने हेतु जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी निर्देशानुसार विश्राम गृह बेलगहना में बैठक आहूत की गईए जिसमें हाथ जोड़ो यात्रा के जरिये शासन की समस्त योजनाओं को हर घर हर जन तक पहुंचाने एवं कल होने वाले भरोसा सम्मेलन सम्मिलित होने हेतु आज ब्लॉक पदाधिकारियों, बूथ अध्यक्ष, जोन अध्यक्ष की प्रमुखता से बैठक ली। बैठक में प्रमुखता से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गयाए सरगाँव में आयोजित हो रहे भूपेश है तो भरोसा है भरोसा सम्मेलन में कल प्रदेश के मुखिया से लेकर समस्त मंत्री मंडल, विधायकगण, जिलाध्यक्ष गण, ब्लॉक अध्यक्षगण सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्तिथ रहेंगे जिसमे मुख्यमंत्री द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजना का उद्घाटन भी किया जाना है, हाथ जोड़ो यात्रा पर प्रमुखता से जोर देते हुए उपस्तिथ समस्त जन को ज्यादा ज्यादा से लोगों को अपने साथ जुटाते हुए एवं भूपेश बघेल की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं को जन मानस तक पहुंचाने हेतु जोर दिया गया।

# आजादी की अमृत महोत्सव के तहत जिले में चलेगा वृक्षमाला नदी तट संरक्षण महाभियान-लंगेह

## अमृत सरोवरों के साथ ही नदियों के संरक्षण, संवर्धन व वनीकरण के लिए होंगी वृहद गतिविधियां

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्राकृतिक जल स्त्रोत नदियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार आगामी माह से ही वृक्षमाला नदी तट संरक्षण महाभियान प्रारंभ कराया जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत वृक्षमाला नदीतट संरक्षण अभियान कोरिया जिले में भी प्रारंभ कराया जाएगा। इस महाभियान की आवश्यक गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए जिले के कलेक्टर विनय लंगेह ने बताया कि नदियों के प्रवाह को बारहमासी बनाए रखने के लिए यह चरणबद्ध कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। इसके क्रियान्वयन से नदी के आस-पास हरियाली में वृद्धि होगी और वातावरण में बढ़ते तापमान को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। वृक्षमाला नदीतट संरक्षण महाभियान की आगामी गतिविधियों के संबंध में लंगेह ने बताया कि सबसे पहले मार्च अप्रैल माह में इस महाभियान के बारे में जागरूकता के लिए व्यापक स्तर पर बैनर, पोस्टर, दीवार लेखन की गतिविधियां प्रारंभ कराई जाएंगी। इसके साथ ही सोसल मीडिया में भी केंपेन चलाया जाएगा। आगामी मई माह में नदियों के तट पर और अन्य रिक्त पड़े स्थानों में पौधारोपण कर वनक्षेत्र का विकास करने के लिए ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इससे प्रत्येक ग्रामीण को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उसके पष्चात विभिन्न विभागों के सहयोग से चिन्हांकित स्थलों पर वनीकरण के उद्देश्य से आवष्यक तैयारियां जैसे पौधां का चयनए गड्ढों की तैयारी पूरी कराई जाएगी। कलेक्टर कोरिया ने आगे बताया कि जुलाई और अगस्त माह में वृक्षमाला नदी तट संरक्षण महाअभियान के तहत अधिकाधिक वृक्षारोपण करने के लिए सभी जगहों पर और ग्राम पंचायत के नदी तटों पर सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस महाअभियान की गतिविधियों को अमृत सरोवरों के साथ साथ समन्वय के साथ चलाया जाएगा। इन सभी गतिविधियों के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ ही सभी गतिविधियों को आजादी के अमृत महोत्सव की गतिविधियों की तरह ऑनलाइन गूगल अपलोड करने की कार्यवाही भी कराई जाएगी। कलेक्टर लंगेह ने जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को वृक्षमाला नदी तट संरक्षण महाभियान के लिए सभी विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

# टीबी मुक्त जिला बनाने के लिए हम सबको मिलकर करना होगा कार्य-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




स्वास्थ्य विभाग एवं जिंदल फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में आज शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ में विश्व क्षय दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' 2025 तक इस देश में टीबी को खत्म करने का लक्ष्य मिला है। इस दिशा में हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों में जागरूकता लाना है। जो बीमार है या जिसको बीमारी हुई है उनको इस बीमारी से लड़ने के लिए सुविधाएं मुहैय्या कराना है। भारत सरकार ने एक योजना लागू की है जिसमें एक सहयोगी के रूप में चाहे वो पंचायत के प्रतिनिधि या औद्योगिक संस्थानों के प्रबंधक या अन्य कोई नागरिक उनको नियुक्त किये जाने का प्रावधान किया गया है और इनके माध्यम से उन्हें टीबी मरीजों को नि:शुल्क सुपोषित भोजन देने का प्रावधान रखा गया है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल, महापौर जानकी काटजू, सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि लोग टीबी का नाम सुनकर घबरा जाते हैं, क्योंकि कुछ साल पहले तक इसका इलाज हर जगह उपलब्ध नहीं था। लोग इसकी चपेट में आकर मौत के मुंह में चले जाते थे। टीबी एक खतरनाक बीमारी है लेकिन आज इसका आसान इलाज संभव है। इसलिए इससे घबराने की जरूरत नहीं है और न ही इसे छुपाने की जरूरत है आज इस बीमारी के लिए पर्याप्त दवाई उपलब्ध है। चूंकि रायगढ़ जिला औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां थोड़े प्रदूषण की वजह से इस बीमार के फैलाव की संभावना बनी रहती है। इसे हमको सबको मिलकर अभियान के रूप में चालू करना है, जिसके लिए सबकी जनभागीदारी होगी तो हम सब मिलकर 2025 से पहले इस जिले को टीबी से मुक्त कर देंगे और सारे देश के सामने उदाहरण देंगे। कार्यक्रम के अंत में जिंदल फाउण्डेशन की तरफ उपलब्ध फूड बॉस्केट को कलेक्टर श्री सिन्हा ने मरीजों को प्रदाय किया। ये रेगुलर प्रत्येक माह दिया जाता है। जिसका उद्देश्य बीमार मरीजों की सामान्य प्रतिरोगी क्षमता बढ़ सके।

जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कहा कि कभी भी किसी भी बीमारी को छिपाने या उससे डरने की जरूरत नहीं है, चाहे वह टीबी बीमारी हो या कोई अन्य। आज शासन इन सभी बीमारियों के लिए सारी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। इसके लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए आसपास गांवों के सरपंचों की सहायता लेकर जांच की प्रक्रिया करवायी जाए, ताकि एक सर्वे होगी तो इस लड़ाई से हमें सहायता मिलेगी।

सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में जिन मरीजों की पहचान की गई थी उन्हें ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। क्षय रोग एक संक्रामक रोग है जो शरीर के किसी भी अंग में हो सकता है रोगी के खांसने, छींकने व बोलने पर उनके संपर्क में आने वालों को टीबी रोग फैल सकता है। इसलिये टीबी के संदेहास्पद मरीजों एवं उनके संपर्क में आने वाले अन्य व्यक्तियों को मॉस्क का उपयोग करना चाहिये, जिससे टीबी होने से बचाव हो सके। दो हफ्ते से ज्यादा खांसी होना, शाम को हल्का बुखार आना, वजन कम होना एवं छाती में दर्द होने पर नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर बलगम की जांच करायें। चिकित्सकीय परीक्षण उपरांत रोग चिन्हांकित होने पर डॉट्स की दवाई द्वारा 6 से 9 महीने तक उपचार लेना पड़ता है, जिससे व्यक्ति दवाई के नियमित सेवन से स्वस्थ हो जाता है। सभी स्वास्थ्य केन्द्रो में क्षय रोग के जांच एवं उपचार की सुविधाएं मुफ्त उपलब्ध करायी जाती है, इसलिये बीमारी न छिपाएं, नि:शुल्क जांच एवं इलाज पाएं और क्षय रोग मुक्त राज्य बनायें।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से टीबी बीमारी की दी गई जानकारी

*विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान टीबी को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से नुक्कड़-नाटक का आयोजन किया गया। इस मौके पर नुक्कड़-नाटक के कलाकारों ने टीबी बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक किया और बीमारी होने पर तुरंत चिकित्सक के पास जाने की सलाह दी।*

## समाचार सार

### नारायणपुर में हिंदू नववर्ष का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




ग्राम नारायणपुर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम नारायणपुर में हिंदू नववर्ष का आयोजन बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गयाए इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर में छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर हिंदू नववर्ष की बधाई दी। और रैली में बच्चों के हाथों में भगवा ध्वज थामें बच्चे भगवान श्री राम के जय घोष के नारे लगाते देशभक्तित गीत गुनगुनाते गांव के विभिन्न गलियों में रैली निकालकर ध्वज लहराते रहे। शोभायात्रा के दौरान भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। बच्चों से लेकर युवाए बुजुर्ग के साथ मातृशक्ति भी भगवा रंग में नजर आई। नव वर्ष के स्वागत में गांव के गली मोहल्लों में घरों की छतों व सार्वजनिक स्थानों पर भगवा झंडा लहराता दिखा इस दौरान गांव के गलियों का भ्रमण पश्चात शोभा यात्रा का समापन सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्यगण सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित रहे।

### जिला चिकित्सालय में कुष्ठ विकृति शल्य क्रिया शिविर आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में किरोड़ामल जिला चिकित्सालय रायगढ़ में तीन दिवसीय कुष्ठ विकृति शल्य क्रिया शिविर आयोजित हुआ। जिसमें रायगढ़ एवं सारंगढ़ जिले से आये कुष्ठ विकृति से ग्रसित कुल 12 मरीज जिसमें 3(पैर के)फुट ड्राप एवं 9 कला हैंड(हाथ) की विकृति को रायपुर आरएलटीआई के निर्देशन में आर्थेपेडिक सर्जन डॉ.कृष्णमूर्ति काम्बले एवं उनके टीम द्वारा विकृति को आपरेशन कर सुधार क्रिया हेतु सफलता पूर्वक आपरेशन किया गया। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी द्वारा बताया गया कि उक्त सभी आरओएस मरीजो को फिजियोथैरेपिस्ट के द्वारा 17 अप्रैल 2023 से दो सप्ताह के लिये रख-रखाव व सुधार क्रिया हेतु निगरानी में देखभाल, अभ्यास किया जाएगा। जिला कुष्ठ अधिकारी द्वारा उक्त शिविर की सफलता के लिये जिला सारंगढ़ के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एफ.आर.निराला, जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ.आर.एन.मंडावी एवं उनके टीम का विशेष सहयोग पर आभार व्यक्त किया। उक्त शिविर में कुष्ठ चिकित्सा सहायक जिला टीम से एम.पी.साहू रवि पटेल, दिनेश यादव का विशेष योगदान रहा।

# शहीद ए आजम भगत सिंह की शहीदी दिवस

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



नागरिक सूरक्षा सेवा संगठन कि ओर से शहीद भगत सिंह जी की शाहिद दिवस 23 मार्च को भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी और शहीद ए आजम शहीद भगत सिंह जी की, शहीदी दिवस मनाया गया इस अवसर पर शहीद भगत सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर और देश की आजादी में उनके योगदान को याद किया गया शहीद ए आजम के रूप में विख्यात भगत सिंह ने महज 23 साल की उम्र में देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी ऐसे शहीद सच्चे देश भक्त को हम अपने नागरिक सुरक्षा सेवा सन्गठन की ओर से सारे जिला में याद जिसमे शामिल रहे अध्यक्ष जैनुल आबिद, असलम खान, मो. नौसाद, राजेश कुमार, अनुज श्रीवास्तव, मासूक खान, बसिद, ओमकार सिंह, निशार अहमद सामिल रहे।

# ग्राम पंचायत नेवसा में बन रहे सीसी रोड को लेकर ग्रामीणों में खासी नराजगी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा जिले के नवागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नेवसा का है जहां ग्राम पंचायत से स्कूल जाने तक के पहुँच मार्ग में बन रहे सीसी रोड को लेकर ग्रामीणों ने मीडिया के सामने अपनी समस्याएँ की लगाई गुहार जिसमें गांव के ग्रामीणों ने अपने बातों को रखते हुये कहा स्कूल तक जाने वाले मार्ग मे सीसी रोड बन रहा है वो कितनी दूरी व कितनी लागात से बन रही है उसका कही पर भी साइन् बोर्ड नही लगा है और ना हि हमे कितनी मीटर व कितनी राशि का बन रहा उनका भी जानकारी नही है जो ठेकेदार द्वारा बेस डाला गया वो कही 4 इंच तो कही 6 इंच डाला गया जिसमें कई दिन से काम भी बंद पड़ा हुवा है। इस सीसी रोड के सम्बन्ध में बात कि तो ठेकेदार लक्ष्मण साहू ने बताया मेरे द्वारा बनाया जा रहा है मशीन खराब हो गया था इसी कारण काम बंद था अभी बेस पुरा नही डला है और जो बोर्ड लगता है वो वर्क फाइनल होने के बाद लगता है।

# मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों का जीर्णोद्धार कर रही शासन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शिक्षा विभाग एवं ठेकेदारों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि राज्य शासन मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत ऐतिहासिक रूप से स्कूलों का जीर्णोद्धार का कार्य कर रही है,



इस कार्य को प्राथमिकता के साथ करना है। उन्होंने सभी अभियंता, ठेकेदारों को कहा कि स्वयं के बच्चें उन स्कूलों में पढ़ रहे है, इस सोच के साथ स्कूलों के जीर्णोद्वार का कार्य करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन एवं समग्र शिक्षा योजना के तहत किए जा रहे कार्यो की विकासखंड वार समीक्षा की। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि धरमजयगढ़ में सबसे अधिक कार्य होने है, उन्होंने वहां के बीईओ एवं बीआरसी को मरम्मत कार्य के अवलोकन के निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों के मरम्मत कार्य गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा जिले के कई सुदूर अंचल के स्कूल काफी उपेक्षित रहे है। उन्हें इस योजना के माध्यम से बेहतर करना है, जिससे जिले के सभी शासकीय स्कूल बेहतर हो सके। कलेक्टर सिन्हा ने ठेकेदारों से कहा कि छत की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, इसके साथ ही बालक-बालिकाओं के टायलेट एवं कक्ष को हवादार बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि जिले के सभी स्कूलों को सुदृढ़ करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं ठेकेदारों को निर्देशित किया कि स्कूलों के कार्य को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को सभी स्कूलों को अनिवार्य रूप से गोबर पेंट एवं एक ही कलर में पेंट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि कार्यो की प्रगति का नियमित रिपोर्ट दी जाए। जिससे कार्यों की प्रगति सुनिश्चित किया जा सके।

कलेक्टर श्री सिन्हा ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारी से निविदा के संबंध में जानकारी ली। अधिकारी द्वारा बताया गया कि 169 कार्यो के लिए निविदा आमंत्रित जारी किया गया है। कलेक्टर सिन्हा ने पूर्व शेष निविदा कार्यों को अप्रैल के अंत तक तेजी के पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने आरईएस से कहा जिले के स्कूलों के लिए वर्तमान में 97 करोड़ 10 लाख की राशि स्वीकृत हुआ। जिसमें से एक चौथाई से अधिक राशि रायगढ़ जिले को प्राप्त हुआ है। जिनका आगामी मई से कार्यों को प्रारंभ किया जाना सुनिश्चित करें।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसानों का बढ़ाया मान -हरिश मिश्रा

### अब 20 क्विंटल प्रति एकड़ होगी किसानों से धान की खरीदी

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विधानसभा के समापन में बड़ी घोषणा करते हुए किसानों के धान खरीदी मामले में कहा है कि आज किसानों से प्रति एकड़ 15 की जगह 20 क्विंटल धान खरीदी किया जाएगा। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद से पूरे प्रदेश में किसानों में हर्ष और उल्लास देखने को मिल रहा है। ब्लॉक कांग्रेस केमटी के अध्यक्ष हरिश मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल सरकार आए दिन इनका फैसला किसानों और गरीबों के हित में होता है, चाहे वह कर्जमाफ ी हो या धान खरीदी हो या बेरोजगारी भत्ता माननीय मुख्यमंत्री ने कुछ दिन पहले ही बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की जो अप्रैल से शुरू भी हो जाएगा वहीं बीते जीवन विधानसभा समापन के दौरान उन्होंने किसान हित में एक बड़ा फैसला लिया हैए जिसमें अब किसानों से 15 क्विंटल की जगह 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जाएगी माननीय मुख्यमंत्री के इस फैसले को लेकर पूरे क्षेत्र में किसानों में खुशी की लहर हैए और हम सभी इस फैसले से बहुत खुश हैं, इनके लिए भूपेश बघेल को बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद है। छत्तीसगढ़ प्रदेश भूपेश बघेल के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहा है, इसके साथ ही किसानों के हित में लगातार फैसले हो रहे हैंए ऐसे मुख्यमंत्री को हम सब की ओर से और किसानों से बार.बार धन्यवाद और साधुवाद है। निश्चित तौर पर उनके किए गए काम आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेसी हित में फैसला लाएगा और हम दुबारा कांग्रेस सरकार बनाएंगे। किसानों के लिए संजीवनी का काम करेगी जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में और ज्यादा सुधार आएंगे और प्रदेश आर्थिक रूप से समृद्ध बनेगा।

# कलेक्टर सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा किया जा रहा अस्पतालों का निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना एवं जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारीयो द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों द्वारा जिले के सीएचसी, पीएचसी एनआरसी सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने मालखरौदा में सीएचसी निरीक्षण के दौरान आपरेशन थियेटर मरमम्मत कार्य, सीएचसी कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनआरसी में निर्धारित दिशानिर्देशानुसार भोजन उपलब्ध कराने, साथ ही कार्यरत एफडी को प्रशिक्षण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने मालखरौदा एचडब्ल्यूसी में प्रदत्त राशि का व्यय कर उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने और डिलिवरी टेबल अन्य आवश्यक सामग्री क्रय करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डभरा सीएचसी में आवश्यक मरम्मत कार्य में प्रगति, एनआरसी में अच्छे भोजन की व्यवस्था आपेशन थिएटर, प्रसव कक्ष में रिनोवेशन कार्य करने के निर्देश, सुखदा एचडब्ल्यूसी में अतिआवश्यक चिकित्सा सामग्री की व्यवस्था न होने तथा 36 बिंदु पर जानकारी प्राप्त न होने पर उक्त जानकारी तत्काल अपडेट करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने देवरघटा पीएचसी में सफ ाई व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की और साफ सफ ाई में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। टुंडरी पीएचसी में गर्भवती माताओं के रेफ र होने के कारणों की संपूर्ण जानकारी पीएचसी में पदस्थ स्टाफ नर्स को उच्च चिकित्सा केंद्र में प्रशिक्षित करने हेतु निर्देश दिए। इस दौरान डभरा एसडीएम दिव्या अग्रवाल, जिला मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ सूरज सिंह राठौर, डीपीएम अर्चना तिवारी, बीएमओ डभरा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनजातीय किशोरों और छात्रों के लिए किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



जिले में 15 वर्ष से 29 वर्ष तक के किशोरों के बीच जनजातीय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए पिरामल स्वास्थ्य के अनामया कार्यक्रम ट्राइबल हेल्थ कोलैबोरेटिव अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया ने किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में छिंदगढ़ विकासखंड के विभिन्न पंचायतों के किशोर व छात्र शामिल हुए। इस अवसर पर पिरामल स्वास्थ्य के सम्भागीय कार्यक्रम प्रबंधक बालमुकुंद शर्मा ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को बताया, जिनमें मुख्य उद्देश्य किशोरों और छात्रों के साथ मानसिक स्वास्थ्य, पोषण एवं किशोर प्रजनन लैंगिक स्वास्थ्य, मादक द्रव्यों के सेवन का दुष्प्रभाव, सड़क दुर्घटना, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग आदि विषयों पर प्रशिक्षण देना है जिससे समुदाय स्तर पर प्रशिक्षित युवा गांव के लोगों को जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया कि आज कल गर्भवती महिलाएं एनीमिया जैसी गंभीर बिमारी का शिकार हो जाती हैं, बच्चों व गर्भवती महिलाओं में कुपोषण की बीमारी आम बात सी हो गई है जो आगे चलकर बहुत सारी बीमारियां जैसे मानसिक स्वास्थ्य, बच्चों में नाटापन, दुबलापन आदि का सामना करना पड़ता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महेश सांडिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि पिरामल फाउंडेशन संस्था के द्वारा बहुत ही सराहनीय पहल है। जिसके लिए युवाओं को आगे आकर सरकार के उद्देश्यों, योजनाओं का लाभ, गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने महिलाओं में कम उम्र में गर्भधारण कर लेने की बात कही और टीबी जैसी गंभीर बिमारी के बारे में जानकारी न होने की वजह से कई लोगों की मृत्यु हो जाती है और उन्होंने कहा कि समुदाय में लोगों को जागरूकता की आवश्यकता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों सहित आदिवासी समुदाय में कुपोषण और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों और कोरोना से आई समस्यों के बारे में भी बताया। आमजनों को जागरूक करने के लिए किशोरों और छात्रों को आगे आने के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी नितिन डडसेना, जिला परियोजना अधिकारी बीएस भगत और महिला एवं बल विकास अधिकारी सुश्री बिस्मिता पाटले ने भी युवाओं को प्रेरित किया। इस अवसर परए पीरामल फाउंडेशन के जिला समन्वयक राजेश सोलंकी प्रोग्राम लीड और एडीसी प्रोग्राम लीड स्टीफन मस्काल्हि और गांधी फेलो योगिता, काजल, सूरज और सचिन एवं किशोर व छात्र मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक राजेश सोलंकी जी ने सभी अतिथिगण का आभार व्यक्त किया।

## अक्षय कुमार की ओह माय गॉड 2 सिनेमाघर छोड़ वूट और जियो सिनेमा पर होगी रिलीज




ओह माय गॉड यानी ओएमजी अक्षय कुमार की शानदार मूवीज में से एक रही है. जिसका सीक्वल बनाने की डिमांड भी जोरों पर रही है. सीक्वल का इंतजार कर रहे अक्षय कुमार के फैन्स के लिए बड़ी खुशखबरी है. इस फिल्म का सीक्वल यानी कि ओएमजी 2 जल्द रिलीज होने वाली है. लेकिन एक ट्विस्ट के साथ. इस ट्विस्ट को देखते हुए फैन्स दो अलग अलग राय में बंट गए हैं. कुछ फैन्स को लगता है कि फिल्म से जुड़ा नया फैसला गलत है. जबकि कुछ को लगता है कि इस फैसले को दूसरी फिल्मों पर भी लागू करना चाहिए।



## कैमरे के सामने निक्की तंबोली ने दिए ऐसे-ऐसे पोज, कर्वी फिगर पर अटक गई फैंस की निगाहें

बिग बॉस 14 की एक्स कंटेस्टेंट निक्की तंबोली आए दिन अपनी बोल्डनेस का जादू फैंस के बीच बिखेरती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो फैंस उन पर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। इन दिनों निक्की का लेटेस्ट फोटोशूट इंटरनेट पर तहलका मचा रहा है। बता दें कि एक्ट्रेस आए दिन इंस्टा पर अपने हुस्न से आग लगाती रहती हैं।

सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी पोस्ट के जरिए सबका ध्यान खींचने वाली एक्ट्रेस निक्की तंबोली इन दिनों अपनी हॉटनेस से फैंस को दीवाना बना रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल हो जाती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्लू कलर की शॉर्ट बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है। अपने इस आउटफिट में एक्ट्रेस निक्की तंबोली बेहद ही हॉट और सिजलिंग नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने महज 26 साल की उम्र में काफी लोगों को अपना दीवाना बना रखा है। निक्की तंबोली जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनपर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। वहीं कुछ उन्हें ट्रोल भी करना शुरू कर देते हैं। हालांकि एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर भी कुछ यूजर्स ने अच्छे कॉमेंट करते हुए लिखा- गॉर्जियस, हॉट, सेक्सी तो वहीं कुछ यूजर्स ने ट्रोल करते हुए लिखा - ये प्लास्टिक की दुकान लगती है, आपने तो अपना नक्शा ही बदल दिया।

## ऐसी भूमिकाएं निभाना चाहती हूं जो मुझे कलाकार के तौर पर चुनौती दें:अदिति शेट्टी

भाग्यलक्ष्मी और नागिन 6 जैसे शो का हिस्सा रहीं टीवी अदाकारा और मॉडल अदिति शेट्टी फिलहाल धर्मपत्नी में नजर आ रही हैं और एक्ट्रेस का कहना है कि उन्हें टीवी पर अलग-अलग तरह के रोल एक्सप्लोर करना पसंद है। अभिनेत्री ने कहा कि उनके शो धरमपत्नी में उनका किरदार परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और वह इसे पसंद करती हैं।

उन्होंने कहा- एक अभिनेता के रूप में, मेरा लक्ष्य सिर्फ विभिन्न भूमिकाएं निभाना है। मैं ऐसी भूमिकाएं निभाना चाहती हूं जो मुझे एक अभिनेता के रूप में चुनौती दें और मुझे हर दिन बढ़ने और सीखने में मदद करें। धरमपत्नी में काव्या का किरदार मेरे लिएअद्भुत यात्रा रही है, एक कलाकार के रूप में मैंने बहुत कुछ सीखा है और यह मेरे लिए एक पुरस्कृत अनुभव रहा है। मैं असल जिंदगी में काव्या जैसी नहीं हूं और जब मैं काव्या का किरदार निभा रही हूं तो मुझे पूरी तरह से अलग जिंदगी जीने का मौका मिल रहा है। मैं इस भूमिका को पाकर बहुत भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं और इसके साथ न्याय कर पाना मेरा उद्देश्य है। यह कहने के बाद, मैं मुख्य भूमिका के साथ-साथ मजबूत सकारात्मक भूमिकाओं की प्रतीक्षा कर रही हूं क्योंकि मैं एक अभिनेता के रूप में इसे लेने और इसके साथ न्याय करने के लिए तैयार और आश्वस्त महसूस करती हूं। वह किस तरह के रियलिटी शो का हिस्सा बनना चाहती हैं, इस बारे में बात करते हुए वह कहती हैं: मैंने अपने करियर की शुरूआत मॉडलिंग से की थी और उस समय, मुझे उससे संबंधित शो करने में बहुत दिलचस्पी थी। इसलिए मैं इंडियाज नेक्स्ट टॉप मॉडल का हिस्सा थी। मुझे लगता है कि जिस शो में मुझे अपने व्यक्तित्व को दिखाने का मौका मिलेगा वह रोमांचक होगा। हो सकता है कि बिग बॉस मुझे परखने के लिए अच्छा होगा कि मैं कुछ स्थितियों पर कैसे प्रतिक्रिया करती हूं।



चिरंजीवी की भोला शंकर की रिलीज डेट का ऐलान

## पोस्टर में तमन्ना भाटिया-कीर्ति सुरेश के साथ दिखा खास अंदाज



गॉडफादर और वाल्टेयर वीरय्या जैसी सुपरहिट फिल्मों के बाद अब मेगास्टार चिरंजीवी की अगली फिल्म भोला शंकर का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. पहली बार मेहर रमेश के साथ चिरंजीवी ने फिल्म के लिए सहयोग किया है. ये एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म है जिसमें अभिनेता का दमदार रोल देखने को मिलेगा. फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान हो गया है. मेकर्स ने उगादी पर्व यानी गुड़ी पड़वा के इस खास मौके पर भोला शंकर के रिलीज डेट की घोषणा की है. चिरंजीवी की फिल्म भोला शंकर 11 अगस्त 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फिल्म बंपर ओपनिंग कर सकती है ऐसी चर्चा जोर-शोर से हो रही है. रिलीज के बाद 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की छुट्टी का फिल्म को फायदा मिल सकता है. वहीं 22 अगस्त को चिरंजीवी का जन्मदिन भी है जो उनके फैंस के लिए किसी बड़े त्योहार से कम नहीं है. ऐसे में फिल्म के शानदार कमाई की पूरी उम्मीद की जा रही है.

## सैम बहादुर की शूटिंग पूरी होने पर विक्की कौशल ने जताया आभार



अभिनेता विक्की कौशल ने अलग-अलग तरह के किरदार निभाकर खुद को दर्शकों के बीच साबित किया है। अब वह फिल्म सैम बहादुर में फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ का किरदार निभाते दिखेंगे। यह फिल्म इसी साल 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी की और सोशल मीडिया पर इसका हिस्सा बन खुशी जाहिर की। आइए आपको बताते हैं कौन थे सैम मानेकशॉ, जिनकी प्रेरणादायी कहानी पर्दे पर आने वाली है।

3 अप्रैल, 1914 को अमृतसर में जन्मे सैम का पूरा नाम होरमुजजी फ्रामजी जमशेदजी मानेकशॉ था, लेकिन उनकी बहादुरी की वजह से उनके चाहनेवाले उन्हें सैम बहादुर बुलाते थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा अमृतसर और शेरवुड कॉलेज, नैनीताल में हुई थी। सैम या तो सेना में जाना चाहते थे या लंदन जाकर अपने पिता की तरह डॉक्टर बनना चाहते थे, लेकिन उनके पिता राजी नहीं हुए। इस बीच उनका सेना में चयन हो गया और उन्होंने इसी में अपना करियर बनाया। सैम को दूसरे विश्व युद्ध के दौरान बर्मा मोर्चे पर जापानी सैनिकों के खिलाफ मशीनगन की 7 गोलियां लगी थीं, जो उनकी आंतों, दिल और गुर्दे पर लगी थीं। इसके बाद भी सैम को मौत छू नहीं सकी और उनकी हालत देखकर खुद डॉक्टर तक हैरान थे, जो उनके बचने की उम्मीद छोड़ चुके थे। उन्होंने सैम के शरीर से गोलियों को निकाला और उनकी आंत का एक क्षतिग्रस्त हिस्सा तक निकाल देना पड़ा था।

# खेल

पाकिस्तान में हो सकता है आधा एशिया कप

## टीम इंडिया के मैच यूएई ओमान या श्रीलंका में, 3 बार भारत-पाक मैच की उम्मीद

सितंबर में इसी साल होने वाला एशिया कप पाकिस्तान में ही हो सकता है। ESPN क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, टूर्नामेंट के ज्यादातर मैच पाकिस्तान में होंगे। हालांकि, भारतीय टीम के जितने भी मैच होंगे, उन्हें UAE, ओमान या श्रीलंका में से किसी एक जगह शिफ्ट कराया जा सकता है। टूर्नामेंट में 3 बार भारत-पाक मैच होने की उम्मीद है।




इस बार का एशिया कप सितंबर के शुरुआती सप्ताह में होना है। 13 दिनों तक चलने वाले 6 टीमों के टूर्नामेंट में फाइनल समेत कुल 13 मैच होंगे। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में हैं। उनके साथ एक टीम क्वालिफाई करके पहुंचेगी। वहीं श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान दूसरे ग्रुप में है।

### न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे भारत के मैच

एशिया कप के शुरुआती स्टेज में भारतीय टीम 2 मैच खेलेगी। एक भी मैच जीतने पर टीम सुपर-4 स्टेज में पहुंचेगी, जहां उन्हें 3 मैच खेलने होंगे। अगर टीम इंडिया फाइनल में भी पहुंची तो टीम टूर्नामेंट में कुल 6 मुकाबले खेलेगी। भारत के फाइनल में पहुंचने की स्थिति में उस मुकाबले को भी न्यूट्रल वेन्यू पर ही शिफ्ट किया जाएगा।

### इंग्लैंड का नाम भी न्यूट्रल वेन्यू में शामिल

न्यूट्रल वेन्यू में फिलहाल UAE, ओमान और श्रीलंका के अलावा इंग्लैंड का नाम भी सामने आ रहा है, क्योंकि इंग्लैंड में भारत-पाक मैच को देखने के लिए भारी मात्रा में दर्शक पहुंच सकते हैं। लेकिन इंग्लैंड को मेजबानी मिलने की उम्मीद कम ही है, क्योंकि UAE और ओमान में इससे पहले एशिया कप और IPL के मैच सितंबर के दौरान आयोजित किए गए हैं। ऐसे में एशिया के ही किसी देश को भारत के मैचों की मेजबानी मिलने की उम्मीद है। पिछले एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच 2 मुकाबले हुए थे। भारत ने एक और एक ही पाकिस्तान ने भी जीता था।

### ACC मीटिंग में नहीं हो सका था फैसला

*पिछले सप्ताह एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) ने पाकिस्तान में एशिया कप कराने को लेकर मीटिंग की थी। इस मीटिंग में फाइनल वेन्यू को लेकर फैसला नहीं हो सका था। इस मीटिंग के बाद भी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) और ACC सदस्यों में इनफॉर्मल मीटिंग हुई। इन मीटिंग में समस्या का समाधान निकाला गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, एशिया कप में भारत को छोड़कर बाकी 5 देशों के मैच पाकिस्तान में ही होंगे।*



### किसने कितनी बार एशिया कप जीता

*भारत 7 जीत : 1984, 1988, 1990-91, 1995, 2010, 2016 & 2018*

*श्रीलंका 6 जीत : 1986, 1997, 2004, 2008, 2014, 2022*

*पाकिस्तान 2 जीत : 2000, 2012*

### एक नजर

## ओज़िल ने फुटबॉल को अलविदा कहा



**इस्तांबुल** । जर्मनी की विश्व कप जीतने वाली टीम के मिडफील्डर मेसुत ओजिल ने 34 साल की उम्र में फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। ओजिल ने इंस्टाग्राम पर जारी बयान में कहा, मुझे लगभग 17 वर्षों से एक पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी होने का सौभाग्य मिला है और मैं इस अवसर के लिये अविश्वसनीय रूप से आभारी हूं। हाल के दिनों में, मुझे कुछ चोटें लगी हैं, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि अब फुटबॉल के बड़े मंच को छोड़ने का समय आ गया है। रियल मैड्रिड, आर्सेनल और जर्मनी के लिये खेलने वाले ओज़िल ने अपने करियर के 645 मैचों में कुल 114 गोल और 222 असिस्ट किये। उन्होंने कहा, यह अविस्मरणीय पलों और भावनाओं से भरी एक अद्भुत यात्रा रही है। मैं अपने क्लब इस्तांबुल शाल्के 04, वेर्डर ब्रेमेन, रियल मैड्रिड, आर्सेनल एफसी, फेनरबाश, बासकसीर, साथ ही सभी टीम के साथी और कोचों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मुझे समर्थन दिया। अब मैं अपनी खूबसूरत पत्नी अमीन और अपनी दो खूबसूरत बेटियों के साथ आगे की जिंदगी बिताना चाहता हूं।

## इकाना में पसीना बहा रही है लखनऊ सुपरजाइंट्स



**लखनऊ** । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने के इरादे से लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाड़ी अपने घरेलू मैदान अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में जम कर अभ्यास कर रहे हैं। मुख्य कोच एंडी फ्लावर,सहायक कोच विजय दहिया और फीेल्डिंग कोच जोंटी रोड्स के साथ टीम के खिलाड़ियों ने निर्धारित अभ्यास सत्र में फिटनेस के साथ बैटिंग, बॉलिंग व फील्डिंग का अभ्यास किया। सबसे पहले मनन वोहरा व आयुष बडोनी ने बैटिंग का अभ्यास किया। दोनों ही बल्लेबाजों ने जमकर चौके छक्के लगाए और 30 बार से ज्यादा गेंद को बाउंड्री लाइन के बाहर भेजा।इस पर कोच ने उनकी हौसलाफजाई की। इसके बाद स्वप्निल व क्रुणाल पांड्या ने भी बैटिंग का अभ्यास किया और जमकर छक्के लगाए। प्रेरक मांकड़, दीपक हुडा समेत अन्य बैट्समैन ने भी अपनी प्रतिभा से मन मोह लिया। वहीं कुणाल पांड्या, आवेश खान, युद्धवीर सिंह, यश ठाकुर, रवि आदि ने बेहतरीन गेंदबाजी का अभ्यास किया। जोंटी रोड्स ने नेट पर दीपक हुडा को प्रशिक्षण दिया तो मैदान पर क्रुणाल पांड्या को अभ्यास कराया। लखनऊ सुपरजाइंट्स अपना पहला मैच एक अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के विरुद्ध खेलेगी।

## मुंबई इंडियंस ने अमेरिकी टी20 लीग में टीम खरीदी

मुंबई । मुंबई इंडियंस ने अमेरिका में इस साल से होने वाले टी20 टूर्नामेंट 'मेजर लीग' में न्यूयॉर्क फ्रेंचाइजी के मालिकाना अधिकार हासिल किये हैं।



एमआई ने विज्ञप्ति में बताया कि फ्रेंचाइजी का नाम 'न्यूयॉर्क एमआई' रखा गया है। छह टीमों के इस टूर्नामेंट में एमआई के अलावा कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) भी हिस्सा ले रही हैं। केकेआर ने लॉस एंजिलिस, सीएसके ने डालास और कैपिटल्स ने सिएटल ओरकास की टीमों के मालिकाना अधिकार हासिल किये हैं। टी20 लीग में दो अन्य टीमें वाशिंगटन डीसी और सैन फ्रांसिस्को की होंगी। इस खरीद के साथ एमआई के पास चार देशों में कुल पांच टी20 टीमें हो गयी हैं।

फ्रेंचाइजी के पास इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियंस, साउथ अफ्रीका टी20 लीग में एमआई केपटाउन और दुबई टी20 लीग में एमआई अमीरात के मालिकाना अधिकार हैं।

## महिला विश्व चैंपियनशिप में भारत के चार पदक पक्के

नयी दिल्ली । निखत ज़रीन, लवलीना बोरगोहेन, नीतू घंघास और स्वीटी बूरा की दमदार चौकड़ी ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने-अपने च ार्टरफाइनल मुकाबले जीतकर भारत के लिये चार पदक सुनिश्चित कर लिये।



इंदिरा गांधी स्टेडियम पर जारी प्रतियोगिता में लवलीना (75 किग्रा) ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए पिछले साल की कांस्य पदक विजेता मोजांबिक की रेडी ग्रामाने को 5-0 से हराया। निखत ने 50 किग्रा वर्ग के चार्टरफाइनल में थाईलैंड की छूतामत रक्षत को 5-2 से मात दी। नीतू ने 48 किग्रा वर्ग में जापान की मदोका वाडा को आरएससी (रेफरी द्वारा मैच को रोका जाना) पद्धति से हराया, जबकि स्वीटी (81+ किग्रा) ने बेलारूस की विक्टोरिया केबिकावा को 5-0 की करारी शिकस्त दी।

दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता रक्षत ने उत्तम दर्जे का खेल दिखाते हुए निखत को कड़ी टक्कर दी। गत विश्व चैंपियन निखत इस गलाकाट प्रतियोगिता में अपनी बेहतर तकनीकी क्षमता से जीत हासिल करने में कामयाब रहीं।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शनिवार 25 मार्च 2023

# जिले में एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सक्ती में विश्व क्षय दिवस मनाया गया

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




भारतवर्ष में 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी तारतम्य में जिला सक्ती कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सूरज सिंह राठौर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अर्चना तिवारी, टीबी सुपर वाइजर विनोद राठौर संजय बंजारे द्वारा जिले एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती में क्षय दिवस मनाया गया एवम साथ ही टीबी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और स्वयं 2025 तक टीबी मुक्त करने की शपथ ली एवं करचरियों से भी शपथ दिलाई। टीबी सुपरवाइजर विनोद राठौर द्वारा टीबी की जानकारी दी गई। टीबी एक संक्रामक बीमारी हैए जो कि माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरक्लोसिस नामक बैक्टेरिया के कारण होता हैं। संक्रमित व्यक्ति के खाँसने या छीकने से टीबी के बैक्टेरिया हवा के माध्यम से एक से दूसरे ब्यक्तियो में फैलती हैं। इसलिये सभी को टीबी के लक्षण न होने पर भी समय समय पर टीबी की जांच कराते रहना चाहिये। जिससे आवश्यक दवा लेकर इस बीमारी से बचा जा सकें। जबकि भारतवर्ष के सभी अस्पतालों में जाँच और दवा पूरी तरह से नि:शुल्क हैं। चिंताजनक स्थिति यह है कि दुनियाभर में इस बीमारी से वर्ष में 14 से 15 लाख लोगों की मृत्यु टीबी से होती हैं जबकि 1करोड़ लोग इस बीमारी के चपेट में आते हैं। वर्तमान में इस बीमारी का इलाज संभव है परंतु मरीज दवाओं का पूरा कोर्स न करने या मरीज ठीक हो गया हूँ यह मानकर दवा खाना छोड़ देता है जिसके कारण मरीज गम्भीर स्थिति में फस जाता हैं और कोई भी एंटीबायोटिक उसको असर नही करती हैं जिससे मरीज को बचा पाना काफी मुश्किल हो जाता हैं। टीबी से प्रभावित करने वाली अंगों की बात की जाए तो यह फेफड़ों को ज्यादातर प्रभावित करती हैं साथ ही अन्य अंगों जैसे हृदयए हड्डीए गुर्देए आंत आदि को भी प्रभावित करती हैं। इस बीमारी के प्रमुख लक्षण हैं 2 सप्ताह से अधिक की खांसीए लगातार रात के समय बुखार आना, रात में पसीना आना, बलगम में खून, वजन घटना, भूख न लगना। इस तरह के लक्षण मिलने पर नजदीकी अस्पताल में जाकर डॉक्टर से परामर्श और जाँच जरूर करें। टीबी होने पर 6माह का दवा का पूरा कोर्स कर अपनी जान बचा सकते हैं। टीबी मरीज़ों को शासन द्वारा पोषण आहार के लिये दवा की पूरी अवधि तक 500 रुपये प्रतिमाह प्रदान की जाती है जो कि डीबीटी के माध्यम से मरीज के खाते में ट्रांसफर होती हैं। जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों द्वारा टीबी मरीज़ो को गोद लेकर उन्हें पोषण आहार प्रदान कर अतिरिक्त लाभ प्रदान की जाती हैं। कार्यक्रम में रवि शंकर राठौर, पंकज महार, मोनू जायसवालए गीता पटेल, लक्ष्मीकांत पाटले, उमा बर्मन, उर्मिला बरेठ, संतोष सोनवानी, ऋषि, उमेश खूंटे, संध्या सरकार, हितेश्वर सिदार आदि बड़ी संख्या में हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित थे जिन्होंने टीबी बीमारी को खत्म करने की शपथ ली।

## एक नजर

### फायर फाइटर प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं ने तत्काल पाकरगांव पहुंचकर आग को काबू पाया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



कौशल विकास विभाग के सहायक संचालक प्रकाश यादव ने बताया कि 23 मार्च 2023 को पत्थलगांव विकास खंड के ग्राम पाकरगांव में आग लगने की सूचना मिलने के तुरंत बाद फायर फाइटर का कोर्स करने वाले युवाओं को तत्काल पाकरगांव भेजा गया जहां युवाओं ने कड़ी मेहनत से आग पर काबू पा लिया गया। जिला प्रशासन द्वारा जशपुर जिले के 21 युवाओं को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत फायर फाइटर कोर्स का प्रशिक्षण दिया गया हैं। और सभी युवाओं को हैदराबाद की जीफोरएस सिक्योरिटी कंपनी में रोजगार मिला हैं।

### सड़क दुर्घटना के मामले में 25 हजार की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत मनोरा तहसील के ग्राम ओरडीह निवासी स्व. रामदयाल राम की मृत्यु 12 अक्टूबर 2021 को हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी श्रीमती कबाईल बाई हेतु 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने रमजान की शुभकामनाएं दी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने मुस्लिम भाई-बहनों, बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों को रमजान की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपनी शुभकामना में कहा है कि पवित्र माह रमजान सभी के जीवन में बरकत लाएं। अल्लाह सबकी मुरादें पूरी करें।

### बंटाकन, सीमांकन, नामांतरण और राजस्व के लंबित प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए एक से दो वर्ष वाले लंबित प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने बंटाकन, सीमांकन, नामांतरण, भू-अर्जन के प्रकरणों का निराकरण करने के लिए कहा है। अधिकारियों को समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर सभी एसडीएम सभी तहसीलदार, नायाब तहसीलदार उपस्थित थें। कलेक्टर ने ग्राम वार खसरों को अपडेट करने के लिए कहा हैं। भू अर्जन के प्रकरणों का भी निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। और बकाया राशि हितग्राहियों को वितरण करवाने के लिए कहा हैं। उन्होंने नक्शा बटांकन के कार्यो को भी गंभीरता से पूर्ण करने के निर्देश दिए है और पटवारीयों की डियूटी लगा कर ऑनलाईन अपडेट करने के लिए कहा हैं।

### सीयूईटी पीजी-2023 में आवेदन शुरू

**कोरबा** । नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित होने वाले कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट.पीजी में आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। इसमें छात्र 19 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। इस साल सीयूईटी पीजी में कई बदलाव किए हैं। आवेदन शुल्क में 200 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। सामान्य वर्ग के उम्मीदवार को अब 800 की जगह 1000 रुपए फॉर्म फिलिंग के लिए देने होंगे।

ओबीसी एनसीएल व जनरल ईडब्ल्यूएस कैंडिडेट्स को 800 व एससी व एसटी के अभ्यर्थियों को 750 रुपए शुल्क देना होगा। देश की 142 सेंट्रल, स्टेट, डीम्ड व निजी यूनिवर्सिटीज सीयूईटी पीजी के स्कोर के आधार पर दाखिला देंगी। इस साल 554 की जगह 337 शहरों में यह परीक्षा होगी।

# फिजियोथेरेपी का विशाल शिविर का अयोजन अग्रसेन भवन हुआ अयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



अग्रवाल सभा के मार्गदर्षन मे अग्रवाल महिला मंडल द्वारा विषाल फिजियोथेरेपी, न्यूरोथेरपी, नाडी स्टीम थैरेपी एवं सुजोक थेरेपी का शिविर का अयोजन 24 मार्च से 28 मार्च तक समय सुबह 9 बजे से 12 तक शाम 3:30 से 7:30 तक अग्रसेन भवन में किया गया है। विशाल फि जियोथेरेपी, न्यूरोथेरपी, नाडी स्टीम थैरेपी एवं सुजोक थेरेपी का शिविर का अयोजन अग्रसेन भवन में आज शुभारंभ महाराजा अग्रसेन कि पूजा

अर्चना के साथ किया मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया द्वारा किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीकांत बुधिया ने कहा कि मानव सेवा ही सर्वपरि है आमनागरिकों से अपील करते हुए शिविर का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाये इस अवसर पर अग्रवाल महिला के अध्यक्ष आभा अग्रवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि विशाल फि जियोथेरेपी, न्यूरोथेरपी, नाडी स्टीम थैरेपी एवं सुजोक थेरेपी का शिविर का अयोजन किया गया आम नागरिकों को वर्तमान समय में होने वाली समस्यों व स्वस्थ्या को देखते हुए हमारे द्वारा शिविर का अयोजन किया गया शिविर में राजस्थान जोधपुर के डॉक्टर डॉ ए आर चौधरी, डॉ रूपेश पंवार, ओमप्रकश द्वारा अपनी सेवाये दिया जा रहा है इस अवसर पर प्रथम दिन शिविर में 50 लोगों ने लाभ लिया।

# नववर्ष में अयोजित रैली ने अग्रवाल सभा ने स्वल्पाहार व शीतल पेयजल का किया वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



अग्रवाल सभा द्वारा हिन्दु नववर्ष के अवसर पर आयोजित विशाल रैली में शीतल पेजजल व स्वल्पाहार का वितरण किया गया। अग्रवाल सभा द्वारा विगत दिनों हिन्दू क्रांति सेना के द्वारा अयोजित हिन्दु नववर्ष के अवसर पर अयोजित विशाल रैली में अग्रवाल सभा ने स्वल्पाहार व शीतल पेयजल का वितरण अग्रसेन भवन के पास बुधिया पेट्राल पंप में किया गया इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष ने कहा कि हिन्दु नव वर्ष व नवरात्री कि हार्दिक शुभकांमनाएं दी व विशाल रैली में स्वल्पहार व शीतल पेयजल के वितरण किया गया इस अवसर पर अग्रवाल सभा के पदाधिकारीगण में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया व बजरंग अग्रवाल श्याम सुंदर अग्रवाल राज अग्रवाल जितेन्द्र अग्रवाल सतीश जलान प्रहलाद अग्रवाल अनिल अग्रवाल व अग्रसेन गौसेवा समिति से नरेश भोपालपुरिया व श्री अग्रसेन

शिक्षण समिति के महाविद्यालय के राजेन्द्र अग्रवाल व श्री अग्रसेन शिक्षण समिति के विद्यालय के जयराम बंसल व अन्य अग्रबन्धु उपस्थित थे।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में छ.ग. सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023

## बेरोजगारी भत्ता के संबंध में कलेक्टरों और सीईओ की हुई बैठक हुई

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

*मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में विगत दिवस चिप्स द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी कलेक्टरों और सीईओ की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव डॉ आलोक शुक्ला, संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण अवनीश कुमार शरण उपस्थित थे।*



बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने प्रदेश में 1 अप्रैल 2023 से प्रारंभ होने जा रहे सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी जिला अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रगणक की प्रगति रिपोर्ट कलेक्टर और सीईओ लेंगे। अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने कहा कि सुपरवाइजर, सर्वेक्षण की टीम में तकनीकी जानकारी रखने वाले शासकीय कर्मी को शामिल किया जाए। जिस भवन में ऑनलाइन ट्रेनिंग देंगे वहां इंटरनेट की कनेक्टीविटी सुदृढ़ होनी चाहिए। इस संबंध में एक तकनीकी रूप से ऐसा सक्षम एप्प तैयार किया गया है, जो डाउनलोड करने के बाद उस एप्प में ऑफ्लाइन मोड में एन्ट्री कर सकते हैं, जो इंटरनेट कनेक्टिविटी मिलते ही डाटा अपडेट कर देगा। सर्वे करते समय प्रगणक किसी भी मकान का फोटो खींचे तो उसमें मुखिया और मकान का नंबर स्पष्ट दिखना चाहिए। एक परिवार को एक प्रपत्र भरना होगा। प्रपत्र में आधारभूत जानकारी प्रविष्टि करनी है। एक टीम लगभग 400 घरों का सर्वे करेंगे। लगभग 750 के घरों के लिए दो टीम सर्वे का काम करेंगे। एक टीम में एक पुरूष शासकीय कर्मचारी और एक महिला मितानिन या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि शासकीय तौर पर कार्यरत महिलाएं हो सकती हैं।

पुरूष शासकीय कर्मी की उपलब्धता नहीं होने की स्थिति में संविदा कर्मचारियों को टीम में रख सकते हैं। पुरूष प्रगणक कम से कम सहायक ग्रेड-3 स्तर का होना चाहिए। प्रगणक उसी गांव या शहर का होना चाहिए, नहीं होने की स्थिति में नजदीकी गांव या वार्ड का व्यक्ति होना चाहिए। एप्प में राशन कार्ड के डाटा, नया राशन कार्ड एन्ट्री, परिवारों के सदस्यों की सूची और उनका कौशल प्रशिक्षण, प्रशिक्षण के उपरांत उनका वर्तमान आय, भूमि, आयकर दाता, आवास, शौचालय, वाहन, घरेलू रसोई गैस, आधार की सहमति आदि की जानकारी होंगी। प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला ने कहा कि जिला और ब्लॉक स्तर पर प्रगणकों की भर्तीए ट्रेनिंग का स्थानए संख्या ड्यूटी आर्डर आदि कार्य करना है। अच्छे ट्रेनर से इस एप्प का वीडियो बनाकर इसको शेयर करके प्रशिक्षण दिया जा सकता है। 1 अप्रैल से सभी जिले और ब्लॉक में कार्य शुरू हो जाना चाहिए। राज्य के किसी भी स्थान से शिकायत नहीं आनी चाहिए कि इस क्षेत्र में सर्वे टीम नहीं पहुंची है। इस अवसर पर आईएएस श्री गौरव सिंह ने मार्गदर्शिका के बारे में अवगत कराया।




# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने केडार, किंकारी और आमाकोनी को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने निरीक्षण किया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।



कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने जिले के किंकारी, केडार और पुटका मध्यम सिंचाई जलाशयों को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से गुरूवार को निरीक्षण किया। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम केडार, भडीसार, आमाकोनी और बरमकेला विकासखंड के किंकारी जलाशय का अवलोकन किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को किंकारी जलाशय में जल संसाधन विभाग और मनरेगा से कार्य कराने के निर्देश दिए। जलाशय क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए मणिकंचन केन्द्र खोलने की सहमति दी है। जलाशय के समीप शिव मंदिर है, जहां ओडिशा के श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन करने आते हैं। कलेक्टर ने वहां कार्यरत ग्रामीणो से कार्य के बारे में बातचीत की। अधिकारियों ने कलेक्टर को जानकारी दी कि इस जलाशय से 36 गांवों के किसानों को सिंचाई होती है। कलेक्टर ने कलमा बैराज का निरीक्षण किया और अधिकारियों से बैराज में जल की वर्तमान स्थिति, जल का उपयोग आदि के बारे में जानकारी ली। इस दौरे में एसडीएम सारंगढ़ श्रीमती मोनिका वर्मा और कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग शामिल थे। उल्लेखनीय है कि बरमकेला विकासखंड के अमूर्रा जलाशय के बांध एवं नहर जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण हो चुका है। बोइरमाल जलाशय कार्य का नहर मरम्मत कार्य प्रगतिरत है। किंकारी मध्यम सिंचाई जलाशय को जीर्णोद्धार के साथ-साथ पर्यटन की दृष्टिकोण से विकसित करने, गार्डनिंग और लाइटिंग आदि के लिए केन्द्रीय जल संसाधन विभाग को 11 करोड़ का डीपीआर भेजा जा चुका है। इसी प्रकार झोरझोटा लघु सिंचाई जलाशय के लिए 3 करोड़ का कार्य प्रस्तावित है। किंकारी मुख्य नहर अंतर्गत ग्राम अमोदा, रिसोरा, बड़े नवापारा और खैरगढ़ी के नहर मरम्मत कार्य प्रस्तावित है।



# मुख्यमंत्री के समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी के घोषणा से किसानों में छायी खुशी की लहर

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के किसानों के हित में बड़ी घोषणा करते हुए प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री के इस घोषणा से राज्य के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है।





जिले के किसानों में भी प्रदेश के मुखिया के इस फैसले से भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। जशपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत आरा के कृषक आशुतोष प्रसाद साय, छत्रपाल सिंह एवं ख्रिश्त जुवेल बड़ा ने सरकार के इस फैसले की प्रसंशा करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

किसान आशुतोष प्रसाद ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार वास्तव में किसान हितैषी सरकार है। सरकार द्वारा शुरूआत से ही किसानों के हित में कई कल्याणकारी योजना लागू की है। जिसमें कर्ज मांफी, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत बैंक खाते में राशि भुगतान जैसे अन्य योजनाएं शामिल है। उन्होंने बताया कि उनके पास 23 एकड़ जमीन है। जिसमें वे धान की खेती करते है। विगत खरीफ वर्ष में उन्होंने लगभग 300 क्विंटल धान समिति में विक्रय किया है। हितग्राही ने बताया कि पहले प्रति एकड़ केवल 15 क्विन्टल की दर से धानए समितियों में खरीदा जाता था, जिससे वे अपने पूरे उपज का विक्रय नही कर पाते थे एवं अतिरिक्त धान को समिति के बाहर विक्रय करने पर उन्हें पूरा लाभ नही मिलता था। परंतु मुख्यमंत्री के घोषणा के अनुसार प्रति एकड़ 20 क्विन्टल धान किसानों से खरीदी की जाएगी। इससे उन्हें अधिक लाभ मिलेगा। वे प्रति एकड़ और अधिक धान विक्रय कर पाएंगे साथ ही उनका सब्सिडी भुगतान भी उन्हें मिलेगा। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री के इस फैसले से वे काफी खुश है। इसी प्रकार सकरडेगा पंचायत के किसान छत्रपाल सिंह ने भी मुख्यमंत्री के इस निर्णय का तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री किसानों की समस्या को गहराई से जानते और समझते है। इसलिए वे किसानों के भलाई के लिए अनेक कल्याणकारी योजना संचालित कर रहे है। सरकार गठन के साथ ही किसानों की कर्ज माफी कर बड़ी राहत दी गई। तत्पश्चात समर्थन मूल्य पर धान खरीदकर कृषकों को उनकी उपज का वास्तविक मूल्य दिलाया। साथ ही कोदोए कुटकीए रागी जैसे फसलों को भी समर्थन मूल्य पर खरीदी कर किसानों को और अधिक लाभ पहुँचा रहे है। 20 क्विन्टल प्रति एकड़ धान खरीदी होने से अब सभी किसानो को निश्चित ही अधिक लाभ मिलेगा। जिससे किसान शसक्त और अधिक खुशहाल होंगे।

# बेरोजगारी भत्ता के ऑनलाइन फार्म का भौतिक सत्यापन करने केन्द्रों की करें तैयारी-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 1 अप्रैल 2023 से प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों को 2500 रुपए प्रतिमाह की दर से बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की गई है। इस संबंध में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा योजना की स्वीकृति प्रदान करते हुए आदेश जारी कर दिया गया है।

इस संबंध में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने वर्चुअल माध्यम से एसडीएम एवं सीएमओ की बैठक ली। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि बेरोजगारी भत्ता वेब पोर्टल के माध्यम से प्रतिभागियों द्वारा भरा जाएगा। ऑनलाइन फार्म का भौतिक सत्यापन रोजगार अधिकारी, सीईओ जनपद और मुख्य नगरपालिका अधिकारी के माध्यम से किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिन्हा ने एसडीएम एवं सीएमओ को निर्देशित किया कि आवश्यकतानुसार विकासखण्डों में दो से तीन निगम क्षेत्र में 5 से 10 वार्डों के मध्य केन्द्र स्थापित किया जाए, जहां बेरोजगारी भत्ता का दावा करने वाले प्रतिभागी अपना भौतिक सत्यापन करा सकते है। ऐसे केन्द्र में पर्याप्त बैठक व्यवस्था, पेयजल आदि की व्यवस्था होनी चाहिए। भौतिक सत्यापन में ऑनलाइन फार्म के सभी दस्तावेज जैसे-आय प्रमाण पत्र, शैक्षणिक 10वीं-12वीं आदि के प्रमाण पत्र और छत्तीसगढ़ का मूल निवासी आदि प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। सत्यापन के बाद अनुशंसा की जाएगी। अनुशंसा के आधार पर स्वीकृति होगी, जिसका डाटा अपलोड किया जाएगा। प्रतिभागियों को बेरोजगारी भत्ता उनके खाते में राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) से दिया जाएगा। जिन प्रतिभागियों का बैंक खाता का सत्यापन उनको भत्ता दिया जाएगा और जिनका सत्यापन नहीं होगा, उनके मोबाइल में एक मैसेज



आएगा। अस्वीकृति के ऐसे मामलों का प्रतिभागी कलेक्टर को अपील कर सकते हैं। सभी दस्तावेजों का संधारण जनपद और नगर पंचायत या नगरपालिका कार्यालय में अनिवार्य रूप से सुरक्षित रखी जानी चाहिए।

### बेरोजगार भत्ता के संबंध में निर्धारित किए गए है मापदण्ड

शिक्षित बेरोजगारों की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी आवश्यक है। वह मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम हायर सेकंडरी (12वीं)उत्तीर्ण हो। वह जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्ग दर्शन केंद्र में पंजीकृत हो और आवेदन के वर्ष के 1 अप्रैल को हायर सेकेंडरी अथवा उससे अधिक योग्यता में उसका रोजगार पंजीयन न्यूनतम दो वर्ष पुराना हो। आवेदक की आय का कोई स्त्रोत न हो एवं आवेदक के परिवार की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 2 लाख 50 हजार रुपए से अधिक न हो। परिवार से तात्पर्य है. पति, पत्नी एवं आश्रित बच्चे एवं आश्रित माता-पिता।

पात्र शिक्षित युवा को प्रथमत-एक वर्ष के लिए बेरोजगारी भत्ता देय होगा। यदि व्यक्ति विशेष का एक वर्ष की इस अवधि में लाभकारी नियोजन नहीं हो पाता है, तो बेरोजगारी भत्ते की अवधि एक वर्ष के लिए और बढ़ाई जा सकेगी। किसी भी प्रकरण में यह अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होगी। एक परिवार से एक ही व्यक्ति को बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा। यदि किसी परिवार के किसी व्यक्ति को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया जा चुका है, तो दूसरा व्यक्ति अपात्र होगा। आवेदक के परिवार के किसी भी सदस्य को केन्द्र अथवा राज्य सरकार की किसी भी संस्था अथवा स्थानीय निकाय में चतुर्थ श्रेणी या ग्रुप डी को छोड़कर अन्य नौकरी होने पर ऐसा आवेदक बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होगा। यदि आवेदक को स्वरोजगार या शासकीय अथवा निजी क्षेत्र में किसी नौकरी को ऑफर दिया जाता है, परन्तु आवेदक ऑफर स्वीकार नहीं करता है, तो ऐसा आवेदक बेरोजगारी भत्ता के लिए अपात्र होगा। पूर्व और वर्तमान मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और संसद या राज्य विधान सभाओं के पूर्व या वर्तमान सदस्यों, नगर निगमों के पूर्व और वर्तमान महापौर और जिला पंचायतों के पूर्व और वर्तमान अध्यक्ष के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ता के लिए अपात्र होंगे। 10 हजार रूपये या उससे अधिक की मासिक पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशन भोगी के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होंगे। वे परिवार जिन्होंने पिछले असेस्मेंट ईयर में इनकम टैक्स भरा हो, उनके परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होंगे। अन्य पेशेवर जैस-इंजीनियर, डॉक्टर, वकील, चार्टर्ड एकाऊन्टेंट और पेशेवर निकायों के साथ पंजीकृत ऑर्किटेक के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ता के लिए अपात्र होंगे। बेरोजगारी भत्ते की राशि पात्र हितग्राही के बैंक खाते में प्रतिमाह अंतरित की जाएगी। जिन लोगों को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया जाएगा उन सभी व्यक्तियों को कौशल विकास प्रशिक्षण का ऑफर दिया जाएगा। कौशल विकास प्रशिक्षण के पश्चात् उन्हें रोजगार प्राप्त करने में सहायता की जाएगी और यदि वे कौशल विकास प्रशिक्षण में भाग लेने से इनकार करते हैं या ऑफर किया गया रोजगार स्वीकार नहीं करते हैं तो उनका बेरोजगारी भत्ता बंद कर दिया जाएगा।

## एक नजर

# 28 मार्च को जिला अस्पताल में मेगा हेल्थ कैम्प

### रायपुर एम्स के डॉक्टर गंभीर मरीजों का करेंगे इलाज

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।




जिला प्रशासन एवं अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर के संयुक्त प्रयास से आगामी 28 मार्च 2023 को जिला अस्पताल जशपुर में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया जा रहा हैं। कैंप में मरीजों का निःशुल्क जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। कैम्प का आयोजन प्रातः 9 बजे से 4 बजे तक किया जाएगा। मेगा हेल्थ कैम्प में रायपुर एम्स के डॉक्टर आएंगे और गंभीर बीमारियों का ईलाज करेगें। कैम्प में मेडिसिन, सर्जरी, शिशु रोग विशेषज्ञ नाक, कान, गला, स्त्री रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ शामिल होगे। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने मेगा कैम्प का अपने-अपने विकास खंड में व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए कहा हैं। ताकि अधिक से अधिक संख्या में मरीज मेगा कैंप में उपस्थित होकर लाभ उठा सके कलेक्टर ने बताया कि मरीजों को विकासखंड से लाने के लिए बस की व्यवस्था की जा रही हैं। ताकि मरीजों को जिला अस्पताल तक आने में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो सकें।

# अंत्योदय कार्ड बनने पर दिव्यांग शशिकला की

### मुस्कुराहट ही प्रशासन का प्रतिफल कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश पर आज कलेक्टोरेट में 100 प्रतिशत दिव्यांग शशिकला रात्रे के लिए पूर्ववर्ती कार्ड को निरस्त कर अंत्योदय कार्ड बनाया गया। अब उन्हें 35 किलो चावल मिल सकेगा। शशिकला ने तत्काल अंत्योदय राशन कार्ड



बनने पर खुशी जाहिर करते हुए कलेक्टर डॉ सिद्दीकी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर ने कहा कि कार्ड बनने पर शशिकला की मुस्कुराहट ही प्रशासन का प्रतिफ ल है। उल्लेखनीय है कि सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम सुवाताल निवासी दिव्यांग शशिकला पिता महादेव रात्रे, जो दोनों आंख से देख नहीं सकती है। उन्हें अब तक सिर्फ 10 किलो चावल प्राप्त हो रहा था। उन्होंने कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्या बताई और उनके द्वारा अंत्योदय कार्ड हेतु आवेदन करने पर कलेक्टर की मदद से तत्काल राशन कार्ड मिला।

# पत्नी के बात से नराज होकर घर और मोटर सायकल में आग लगाकर क्षति पहुचाने वाला आरोपी को पुलिस के गिरफ्त मे

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

प्रार्थिया को उसका पति राजकुमार जांगडे द्वारा बिलासपुर चलने को कहने लगा प्रार्थिया कुछ देर में जाने को कही तो इसी बात से नराज होकर आरोपी पति द्वारा घर में रखे पेट्रोल से मोटर सायकल व घर कमरा में डालकर आग लगा दिया, घर में आग लगने से घर अंदर का समान, मोटरसायकल, चावल, टीवी, पंखा, गद्दा, खाट, दीवान,



पलंग आदि समान जलकर नष्ट हो गयी है कि रिपोर्ट पर पुलिस चौकी मारो थाना नांदघाट में अपराध सदर धारा 436 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान पुलिस चौकी मारो स्टाफ द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी राजकुमार जांगडे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता, भूलन द मेज के डायरेक्टर मनोज वर्मा बनाएंगे गुरुबाबा घासीदास के जीवनी पर फिल्म

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

कलेक्टर रजत बंसल की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत के सभागार में गिरौदपुरी में संत शिरोमणि गुरू घासीदास जन्म स्थली निर्माण कार्य एवं गुरू घासीदास बाबा जी के जीवन संबंध में फि ल्म निर्माण संबंधी सामाजिक परिचर्चा हेतु सामाजिक जनप्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बंसल ने गिरौदपुरी में संत गुरु घासीदास जी की जन्म स्थली निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता है बहुत जल्द ही निर्माण कार्य पूर्ण करनें एवं राष्ट्रीय फि ल्म पुरस्कार विजेता, भूलन द मेज के डायरेक्टर मनोज वर्मा के निर्देशन में संत शिरोमणि गुरुबाबा घासीदास के



जीवनी पर फि ल्म बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही सतनामी समाज से जुड़े कलाकार, कथाकार की पहचान कर प्रोत्साहित करनें की योजना बनाई जा रही है। गौरतलब है कि वर्तमान में गिरौदपुरी में बाबा गुरू घासीदास जी के जन्म स्थली निर्माण प्रक्रियाधीन है। जिसकी गति बेहद धीमी है।

भूलन द मेज नेशनल फि ल्म अवार्ड विजेता मनोज वर्मा करेंगे गुरु घासीदास जी की जीवनी पर फिल्म निर्माण बाबा गुरू घासीदास जी की जन्म स्थली गिरौदपुरी की पहचान पूरे विश्व में है और यह स्थान आस्था का प्रतीक भी है। वर्तमान में गिरौदपुरी धाम पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है कलेक्टर बसंल ने गिरौदपुरी धाम को प्रमुखता से रखते हुए बड़े स्तर पर गुरु घासीदास जी की जीवन चरितार्थ पर फि ल्म निर्माण कराने की बात कही। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य के आदिवासी समुदाय भुजिया समुदाय के जीवन पर केंद्रित छत्तीसगढ़ की बहुचर्चित फि ल्म भूलन द मेज बनी फि ल्म की राष्ट्रीय फि ल्म पुरस्कार विजेता स्वपनिल फि ल्म प्रोड्यूसर का चयन किया गया है इसके प्रोड्यूसर छत्तीसगढ़ के जाने माने फि ल्मकार मनोज वर्मा है। कलेक्टर बसंल द्वारा गिरौदपुरी धाम का अवलोकन कर बारिकता से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने व विकास निर्माण की प्रकिया कि इस सराहनीय प्रयास के लिए सतनामी समाज के जन प्रतिनिधियों ने आभार जताया। उक्त बैठक में संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे, फिल्म निर्देशक मनोज वर्मा, प्रगतिशील सतनामी सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मोहन बंजारे, एसटी एससी संघर्ष समिति प्रदेश अध्यक्ष मोहन राय, सरजू प्रसाद घृतलाहरे, दुर्गा महेश्वर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के अहवाह्न पर किसान मोर्चा के पदाधियारियो ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू बलरामपुर भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल एवं किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुन्ना लाल चौधरी के नेतृत्व में कुसमी एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में वेमौसम वर्षात् होने के चलते क्षेत्र के गरीब किसान एवम आम जनता का फसल सहित अन्य



प्रकार की वस्तु का ज्यादा से ज्यादा नुकसान हो गया है। जिसके तहत बलरामपुर कलेक्टर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुसमी के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में समय से सर्वेक्षण कराकर जल्द से जल्द किसान एवं गरीब जनता को मुआवजा की राशि दिलाने की मांग किया गया है। जिससे किसान एवं आम जनता को हुए फ सल नुकसान का मुआवजा राशि मिल सके।

आज के इस ज्ञापन सौंपने में जिला मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा राकेश भारती, जिला मंत्री किसान मोर्चा मुरारी सोनी, जिला कार्य समिति सदस्य किसान मोर्चा लक्ष्मण पैकरा, जनपद सदस्य विजय पैकरा, लल्लू यादव, पूर्व अल्प संख्यक अध्यक्ष मो समीम, मो नसरुल्ला, मनी यादव सहित अन्य ग्रामीण किसान द्वारा एसडीएम कार्यालय कुसमी में उपस्थित होकर ज्ञापन सौंपने में सराहनीय योगदान रहा ।

# समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन के पास राखड डम्प महिलाओं को डिलेवरी में हो रही दिक्कत

* राखड के कारण नवजात शिशु के स्वास्थ पर पड़ेगा प्रभाव

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

सक्ती जिला के ग्राम पंचायत आसौदा में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास बनी गोठान में राखड डम्प की जा रही है जिसके कारण समुदाय स्वास्थ केन्द्र में डिलेवरी के लिए आ रही महिलाओं को राखड के कारण परेशानी हो रही है। वहां से गाम पंचायत जामपाली जाने वाले नागरिकों को रोड़ पर राखड डाल देने के कारण आने जाने वाले राहगीर एवं ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। ग्रामवासी का कहना है कि राखड तो डाल दी गई है। लेकिन पानी का छिड़काव नहीं होने के कारण धूल उड़ रही है जो कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। समस्त ग्रामवासियों जिला प्रशासन से अनुरोध करते हैं। इस पर तत्काल कार्रवाई करें एवं पानी का छिड़काव जल्द से जल्द करवाया जाए।



# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसानों का बढ़ाया मान

### अब 20 क्विंटल प्रति एकड़ होगी किसानों से धान की खरीदी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विधानसभा के समापन में बड़ी घोषणा करते हुए किसानों के धान खरीदी मामले में कहा है कि आज किसानों से प्रति एकड़ 15 की जगह 20 क्विंटल धान खरीदी किया जाएगा, मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद से पूरे प्रदेश में किसानों में हर्ष और उल्लास देखने को मिल रहा है। एनएसयूआई नवागढ़ विधानसभा अध्यक्ष अंशु केशरवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल सरकार और हमारे नवागढ़ के लाडले विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे सदा किसान और गरीब हितैषी सरकार है आए दिन इनका फैसला किसानों और गरीबों के हित में होता है चाहे वह



कर्जमाफी हो या धान खरीदी हो या बेरोजगारी भत्ता मुख्यमंत्री ने कुछ दिन पहले ही बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की जो अप्रैल से शुरू भी हो जाएगा वहीं बीते जीवन विधानसभा समापन के दौरान उन्होंने किसान हित में एक बड़ा फैसला लिया है जिसमें अब किसानों से 15 क्विंटल की जगह 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जाएगी मुख्यमंत्री के इस फैसले को लेकर पूरे क्षेत्र में किसानों में खुशी की लहर है और हम सभी इस फैसले से बहुत खुश हैं इनके लिए माननीय भूपेश बघेल और स्थानीय विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे जी को बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद है। छत्तीसगढ़ प्रदेश भूपेश बघेल के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही किसानों के हित में लगातार फैसले हो रहे हैं ऐसे मुख्यमंत्री को हम सब की ओर से और किसानों से बार-बार धन्यवाद और साधुवाद है।

निश्चित तौर पर उनके किए गए काम आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेसी हित में फैसला लाएगा और हम दुबारा कांग्रेस सरकार बनाएंगे। कांग्रेस के प्रदेश सचिव अरमान साहू ने कहा कि भूपेश बघेल के धान को 15 से 20 क्विंटल प्रति एकड़ की घोषणा किसानों के लिए संजीवनी का काम करेगी जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में और ज्यादा सुधार आएंगे और प्रदेश आर्थिक रूप से समृद्ध बनेगा।

# अदालत का फैसला यह दर्शाता है कि देश का कानून और देश का संविधान सबसे ऊपर -पूर्व विधायक डॉ.साहू

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

अदालत का फैसला यह दर्शाता है कि देश का क़ानून और देश का संविधान सबसे ऊपर है और उसकी नजर में देश के सभी नागरिक समान हैं। अदालत का निर्णय यह भी सिद्ध करता है कि चाहे कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो, यदि उसने अपराध किया है तो उसे सजा जरूर मिलेगी। राहुल गांधी ने देश के मोदी तेली, साहू एवं ओबीसी समाज के बारे में जो अनर्गल और आपत्तिजनक बातें कर्नाटक के कोलार में 13 अप्रैल 2019 के लोकसभा चुनाव में की थी, उसकी हम सब ने तब भी निंदा की थी, आज भी निंदा कर रहे हैं क्योंकि उनकी बातें काफी अपमानजनक थी। अदालत द्वारा सजा सुनाने के बावजूद जिस तरह से राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के नेता उन अपमानजनक बातों को सही ठहरा रहे हैंए वह बताने के लिए काफी है कि कांग्रेस पार्टी



के नेताओं की मंशा क्या है और देश के ओबीसी समाज के बारे में उनकी सोच क्या है। राहुल गाँधी अभी भी राजशाही सोच से बाहर नहीं निकले हैं। क्या देश की जनता के खिलाफ देश के एक बड़े नेता का ऐसा निंदनीय बोलना उन्हें शोभा देता है। क्या यह देश के संविधान का अपमान नहीं है। क्या यह आत्मसम्मान के साथ जीने वाले सभी गरीब लोगों का अपमान नहीं हैघ् क्या राहुल गाँधी देश से और देश के संविधान से इतने बड़े हो गए हैं कि हमें गाली देने का उन्हें अधिकार मिल गया है। माफी मांगना तो दूरए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कांग्रेस के तमाम नेता जिस तरह से इसे सही ठहराने में जुटे हुए हैंए इससे यह सिद्ध होता है कि वे हमारा अपमान ही अपना नैतिक धर्म समझते हैं।

राहुल गाँधी ये मानना छोड़ दें कि वह और उनका परिवार देश से ऊपर है। यदि राहुल गाँधी और देश की जनता को लगता है कि वे देश के संविधान और देश के क़ानून से ऊपर हैं तो ये उनकी भूल है। राहुल गाँधी जी और कांग्रेस के नेता यदि मानते हैं कि वे अपने ही देश के नागरिक को अपशब्द कह सकते हैं तो देश की जनता को भी देश के संविधान ने आपके खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का अधिकार दिया है। देश के ओबीसी समाज को गाली देना आपका अधिकार नहीं हो सकता राहुल गाँधी जी। औरए जब कोर्ट इसको लेकर आपको सजा सुनाती है ए तो संसद की कार्यवाही कांग्रेसी एवं विपक्षी दल के सांसद बाधित कर रहे हैं देश में जगह.जगह धरना प्रदर्शन कर आ रहे हैं देश की जनता इसको देख रही है।

मैं सूरत कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करता हूं।

# रायपुर में राष्ट्रविरोधी रैली, कहां गया एनएसए कानून

## कांग्रेस के इशारे पर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे देश विरोधी

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

*भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय ने कहा कि राजधानी रायपुर में पंजाब के खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के समर्थन में रैली निकाली जाने के मामले में कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि रायपुर में राष्ट्रविरोधी सरेआम रैली निकाल रहे हैं।*







### खलिस्तानी समर्थक के साथ कांग्रेस नेताओं के संबंध, भाजपा ने जारी की तस्वीर

भूपेश बघेल बतायें कि एनएसए कहां लुप्त हो गया। क्या यह केवल राष्टभक्तों के लिए है? क्या यह केवल हिंदुत्व के उत्पीड़न के लिए है? क्या यह आदिवासियों की धर्म रक्षा के आंदोलन को कुचलने के लिए है। उन्होंने खलिस्तानी समर्थकों की रैली में शामिल हरप्रीत सिंह रंधावा उर्फ रिंकू रंधावा की कांग्रेस नेताओं के साथ तस्वीर जारी करते हुए आशंका जताई कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छत्तीसगढ़ का माहौल बिगाड़ने की साजिश कर रही है। लोकसभा सांसद गोमती साय ने कहा कि खलिस्तानी समर्थक हरप्रीत सिंह रंधावा उर्फ रिंकू रंधावा नाम का व्यक्ति न केवल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का खास है, बल्कि उसकी पहुंच दिल्ली में बैठे कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं तक है। इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस सरकार जानबूझकर छत्तीसगढ़ में खालिस्तानियों को संरक्षण देकर शांति भंग करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने रंधावा की फेसबुक प्रोफाइल में दी गई जानकारी और उसकी कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के साथ करीबी को बयान करती तस्वीरें जारी कर कहा कि भूपेश बताये यह रिश्ता क्या कहलाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से पाकिस्तान और खलिस्तानियों की भाषा बोलती रही है। कांग्रेस भारतीय सेना के पराक्रम पर सवाल उठाती रही है। राहुल गांधी की पदयात्रा के बाद से देश भर में फिजा बिगड़ी है और भारत तोड़ने की साजिश रचने वाली ताकतें सिर उठा रही हैं। जिसका असर कांग्रेस शासित होने के साथ चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ तक देखा जा रहा है। भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि देश विरोधी गतिविधि करने वाले लोगों के लिए छत्तीसगढ़ शरणगाह बन चुका है। भूपेश बघेल सरकार के संरक्षण में देश विरोधी रैली निकालना दुर्भाग्यजनक और शर्मनाक है। देश विरोधी काम करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर तस्वीर जारी करते हुए लिखा कि जनता से अपील है कि चुनाव करीब हैं! देशविरोधी ताकतों से सतर्क रहें। भूपेश बघेल सरकार के राज में शांतिप्रिय छत्तीसगढ़ में अब खालिस्तान समर्थक आवाज उठाने लगे हैं। लोकतंत्र को दबाने के लिए एनएसए का भय दिखाने वाली कांग्रेस सरकार यह बताए कि देश विरोधी ताकतें राजधानी में खुलकर रैली निकाल रही हैं, तब भूपेश बघेल सरकार कहां सो रही है। राष्ट्रविरोधी रैली निकालने वालों से नोटिस जारी कर केवल यह पूछा जा रहा है कि बिना अनुमति रैली क्यों निकाली। जबकि रैली निकालने वाले जब देश के विरोध में रैली निकाल रहे हैं तो फौरन इन पर एनएसए के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए। साफ जाहिर है कि कांग्रेस सरकार को यह एहसास हो गया है कि वह छत्तीसगढ़ से उखड़ रही है इसलिए छत्तीसगढ़ का माहौल खराब करके किसी तरह सत्ता में बने रहने की जुगत भिड़ा रही है और साजिश में वह इतनी गिर गई है कि राष्ट्र विरोधी तत्वों को संरक्षण दे रही है। छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस का कारनामा देख रही है और उसे सबक सिखाने के लिए तैयार है।

**एक नजर**

### रमजान शरीफ का मुबारक महीना प्रारंभ

पहले रोजे खोले गए 6 बजे के 18 मिनट में

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



रमजान शरीफ का मुबारक महीना आज से प्रारंभ हो गया है यह महीना मुसलमानों के लिए पवित्र महीना होता है इस महीने में 30 दिन रोजा रखा जाता है 30 दिन रोजा रखने के बाद ईद का त्यौहार आता है बताया जाता है कि रमजान शरीफ के महीने में सभी मुसलमान इबादत में लग जाते हैं यही वह पवित्र महीना है जिसमें अल्लाह अपने रहमतों की बारिश करते रहता है और इस महीने में जो भी नेक काम किया जाता है उसका सवाब 70 गुना मिलता है सुबह सेहरी करने के बाद शाम को इफ्तार किया जाता है रमजान शरीफ का यह मुबारक महीना दान, दया, धरम का महीना है इस महीने में दान देने का भी रिवाज है, इस बार नवरात्रि और रमजान दोनों साथ-साथ पढ़ रहे हैं नवरात्रि में हिंदू भाई व्रत रखते हैं वही मुस्लिम भाई रमजान में रोजे रखते हैं रात में जसगीत होता है तो मुस्लिम भाई तरावीह की नमाज पढ़ते हैं, इस तरह यह महीना पुरे तरीके से धार्मिक त्याग तपस्या का महीना कहा जा सकता है इस पाक महीने में सभी जनमानस पूजा और इबादत में मशगूल रहते हैं।

पीने के पानी की मांग

### खदान के मुहाने पर ढपढप व कसरेंगा के ग्रामीणों ने 3 घंटे दिया धरना

**कोरबा** । एसईसीएल ढेलवाडीह खदान के मुहाने पर गुरुवार सुबह 6 बजे से ढपढप व कसरेंगा के ग्रामीणों ने करीब 3 घंटे तक प्रदर्शन कर दोनों गांवों में पीने के पानी की व्याप्त समस्या के निराकरण की मांग की। पहली शिफ्ट की ड्यूटी पर पहुंचे कर्मचारियों को भी रोक दिया। इसकी जानकारी एसईसीएल उपक्षेत्रीय कार्यालय ढेलवाडीह के अफसरों को होने पर मौके पर पहुंचे प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी। उसके बाद काम पर पहुंचे कर्मचारी माइंस के भीतर कार्यस्थल तक पहुंचे। इधर करीब 3 घंटे तक खदान के बाहर ग्रामीणों का प्रदर्शन जारी रहा। कंपनी के दफ्तर में हुई चर्चा के बाद मांगों को पूरी करने सकारात्मक कदम उठाए जाने के आश्वासन पर आंदोलन समाप्त हुआ। विभिन्न मांगों को लेकर किए गए प्रदर्शन में बड़ी संख्या में दोनों गांवों की महिलाएं भी शामिल हुईं।

ढपढप व कसरेंगा के ग्रामीणों की प्रमुख मांगें:-पाइप लाइन से घरों में पेयजल की आपूर्ति की जाए। खदान से निकाली जा रही पानी से गांवों के तालाबों को भरा जाए। बिगड़े बोर पंपों का सुधार कार्य कराया जाए।

### पीट-पीटकर आदिवासी लड़के की हत्या

**कोरबा** । जिले में 16 साल के एक आदिवासी लड़के की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। लड़का अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए गया था। इस दौरान गांव के ही कुछ लड़कों ने उस पर हमला कर दिया और चेहरे व गुप्तांग पर लात.घूंसों से वार किया। हालांकि हत्या का कारण अब तक सामने नहीं आ सका है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस में शिकायत करने गए, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की गई। वहीं पुलिस का कहना है कि अब तक शिकायत ही नहीं मिली है। मामला करतला थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन के ग्राम नकटीखार निवासी बीरेंद्र मंझवार 16 पुत्र अवधराम मंझवार नौ मार्च की शाम अपने दोस्त सुंदर मंझवार के साथ बाइक से निकला था। दोनों किसी काम से करतला के केराकछार गए थे। इसी दौरान कुछ लड़कों ने बीरेंद्र से बुरी तरह से मारपीट की। इसके चलते उसके चेहरे, गुप्तांग और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट लग गई। वारदात के बाद बीरेंद्र घर लौट आया। अगले दिन उसकी हालत देख परिजन अस्पताल ले गए। वहां से रायपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि बीरेंद्र घटना वाली रात करीब 11 बजे घर पहुंचा था। इसके बाद अपने कमरे में जाकर सो गया। सुबह जब काफी देर तक नहीं उठा तो उसे देखने कमरे में गए। चेहरा खून से सना था। कंबल उठाकर देखा तो पूरे शरीर में खून लगा था।

# मुख्यमंत्री की घोषणा 15 से 20 क्विंटल धान खरीदी से किसान हर्षित

सारंगढ़-बिलाईगढ़।





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में गुरूवार को किसानों के लिए धान की बिक्री सीमा 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल कर दी है। इससे जिले के किसान बहुत खुश हैं। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम हिच्छा के किसान उमाशंकर पटेल ने कहा कि राज्य सरकार के इस निर्णय से मैं बहुत खुश हूं। मैं 25 से 35 क्विंटल का धान उत्पादन करता हूं। धान अधिक होने पर बिक्री की सीमा होने के कारण हमारा धान बच जाता था। अब हमारा अतिरिक्त पूरा धान बेच सकते हैं। ग्राम भेड़वन निवासी किसान आनंद राम निषाद सरकार के इस फैसले से खुश हैं। उन्होंने कहा कि अब इससे धान की बिक्री और बोनस दोनों से फायदा है। ग्राम कुटेला के किसान बोधिराम चौहान ने कहा कि सरकार ने धान का क्विंटल बढ़ाकर अच्छा काम किया है। ग्राम माधोपाली के किसान लक्ष्मण पटेल ने कहा कि सरकार का यह फैसला बहुत अच्छा है। ग्राम तिलईमुड़ा के किसान सहनीराम निषाद ने सरकार के फैसले से खुशी जाहिर की। बरमकेला विकासखंड के ग्राम सकरतुंगा के किसान दुर्योधन पटेल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मैं प्रतिवर्ष 80 क्विंटल धान बेचता था। अब 100 क्विंटल धान बेच सकता हूं। मैं सरकार के इस फैसले से बहुत खुश हूं। ग्राम गोबरसिंगा के किसान राजू पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा से खुश हैं। इसी तरह किसानों के हित में फैसले लेते रहे। धान के अलावा अन्य फसल के लिए किसान उत्साहित होंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### पूज्य सिंधी पंचायत ने आस्था व उत्साह के साथ मनाया चेट्रीचंड्र पर्व

**कोरबा** । सिंधी समाज के अराध्य वरूण देव के अवतार भगवान श्री झूलेलाल जी की जयंती व अमर शहीद हेमू कालाणी का जन्म शताब्दी वर्ष गुरुवार को आस्था व उल्लास के मनाया गया। पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा चेट्री चंड्र महोत्सव को लेकर 20 मार्च से विभिन्न आयोजन शुरू कर दिए गए थे। गुरुवार को समाज के लोगों द्वारा देर रात को भगवान झूलेलाल जी शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें वरुण देव के अवतार झूलेलाल की आकर्षक झांकी के साथ समाज में शिक्षा, संस्कृति, नशा मुक्ति समेत अनेक संदेश देने वाली झांकियां शामिल थीं। चेट्री चंड महोत्सव पर गुरुवार की सुबह से ही पुरानी बस्ती रानी रोड स्थित सिंधु भवन व झूलेलाल मंदिर में पूजा अर्चना, रक्तदान शिविरए श्री आम भंडारा शुरू हो गया था, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

# दहेज हत्या के चार आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना सक्ती के मर्ग क्रमांक 14/2023 धारा 174 जाफौ के नवविवाहिता मृतिका पूनम सिदार पति किशन सिदार उम्र 25 साल निवासी धरम चौक ग्राम भालूडेरा थाना सक्ती जिला सक्ती कि मर्ग जांच पर नवविवाहिता मृतिका पूनम सिदार को उसके ससुराल वालों द्वारा दहेज के नाम से शारीरीक एवं मानसीक रूप से प्रताडित किये जाने पर 26 जनवरी 2023 को मृतिका जहर सेवन करने से कोरबा तथा किम्स स्पेरिलस्ट हास्पीटल बिलासपुर में उपचाररत थी। मृतिका करीब तीन माह की गर्भवती थी जो 1 फरवरी 2023 को मृतिका उपचार के दौरान मृत्यु होने से सिविल लाईन बिलासपुर से मर्ग डायरी प्राप्त होने से नंबरी मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। मर्ग जांच पर से अपराध का घटित होना पाये जाने से अपराध कमांक 86/2023 धारा 304बी, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक सक्ती एमआर अहिरे द्वारा आरोपियों को तत्काल गिरफ्तारी करने के निर्देष प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह के मार्गदर्शन में विवेचना के दौरान आरोपियों को 24 मार्च 2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक सक्ती अंजली गुप्ता, निरीक्षक प्रवीण राजपूत थाना प्रभारी सक्ती, सउनि शंकर लाल साहू आर 129 सेतराम पटेल एवं थाना स्टाफका विशेष योगदान रहा।

# पत्नी के साथ मिलकर बड़े भाई की पिटाई, हुई मौत

## अपराध दर्ज, आरोपी दंपति फरार

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




जिले के कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटे भाई व उसकी पत्नी की पिटाई से बड़े भाई की मौत के एक मामले में पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया है। इस मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के बालकपोड़ी गांव में किसी बात को लेकर दोनों भाइयों विजय मांझी व रामेश्वर में विवाद चल रहा था। बीते दिसम्बर माह में घटना के दिन भी दोनों में झगड़ा हुआ और आरोपी विजय ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर बड़े भाई की बेतहाशा पिटाई कर दी। जिसके कुछ दिन बाद घायल रामेश्वर मांझी की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी घ्घटना के बाद से ही फरार चल रहे हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में पूर्व में मर्ग कायम कर जांच की जा रही थी। जिसके बाद दस्तावेजी व अन्य साक्ष्यों के आधार पर इस मामले की जांच की गई। वहीं, अब करीब तीन महीने बाद कापू पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 व 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उनकी पतासाजी में जुट गई है।

### विश्व टीवी दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में किया गया विविध आयोजन




जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

विश्व टीबी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में शिविर का आयोजन आयोजित किया गया इस कड़ी में सवर्प्रथम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी और वहां मौजूद जनता को टीबी मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने शपथ दिलाया गया। हम टीबी को समाप्त कर सकते है के थीम के साथ सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में टीबी दिवस मनाया जा रहा है। जिसमें टीबी मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने शपथ ग्रहण, दिवालो पर टीबी से संबधित संदेश लेखन, प्रभात फेरी के माध्यम से आमजनों को जागरूक किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग से डॉ राकेश ठाकुर, डॉ अनुज, डॉ सतीश, डॉ रोहित, डॉ संजीव शुक्ला और गौरव कुजूर ने निक्षय मित्र बनके टीबी मरिजो को पोषण आहार दिया गया। इस कड़ी में कुसमी टीयू से एमओटीसी डॉ रोहित बखला और वरिष्ठ टीबी पर्यवेक्षक गौरव कुजूर द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सिविलदाग में वहां स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, पंच, मितानिन, स्कूल के छात्र-छात्रा और ग्रामवासी को टीबी मुक्त का शपथ दिलाया गया और वहां के टीबी मरिजों को पोषण आहार दिया गया डॉ रोहित बखला ने टीबी की लक्षण और उसके निदान की जानकारी दिया गया वहां मौजूद सीएचओ अंशुमाला खलखो, राजमणि खलखो आनंद कुजूर, जगदेव, शोभनाथ, ग्राम की मितानिन, ग्रामवासी उपस्थित थे।

### तनेरा के ग्रामीणों को नहीं मिल रहा सोसायटी से नियमित राशन

**कोरबा** । पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत तनेरा के अधिकांश ग्रामीणों को यहां के उचित मूल्य की दुकान से राशन नहीं मिल रहा है। इन हितग्राहियों ने रजिस्टर पर अंगूठा लगाना भी बताया। राशन वितरण में गड़बड़ी की आशंका जाहिर करते हुए जांच के बाद कार्रवाई की मांग की है। राशन कार्डधारी परिवारों को राज्य शासन उचित दर पर सोसायटी के माध्यम से चावल समेत अन्य राशन सामान उपलब्ध कराती है।

तनेरा की रामवती, शिवकुंवर, लक्ष्मनिया बाई व पार्वती ने बताया कि हर महीने उनसे रजिस्टर पर अंगूठा लगवाया जाता है। मगर राशन नहीं दिया जा रहा है। इससे राशन वितरण में गड़बड़ी की पूरी आशंका है। ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव पर बंदरबाट का भी आरोप लगाया। इस पर सरपंच अशोक सिंह मरपच्ची का कहना है कि दो-तीन महीने से सोसायटी को 40 से 50 क्विंटल कम राशन का भंडारण किया जा रहा है।

# विवाद के बाद सड़क हादसे में व्यवसायी की मौत

## सरपंच पति के खिलाफ दर्ज कराया था केस

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

जिले के छाल थाना क्षेत्र के हाटी गांव में सरपंच पति के द्वारा एक व्यवसायी का दुकान कथित तौर पर जबरन तोड़ने और विरोध करने पर व्यापारी की पिटाई करने का मामला सामने आया है।




वहीं, इस मामले की शिकायत पर छाल थाने में आरोपी सरपंच पति के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, इस मामले में एक और जानकारी सामने आ रही है जिसमें विवाद के बाद देर शाम प्रार्थी बेहरामार गांव की ओर जा रहा था। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन चालक ने उसे ठोकर मार दी। इस घटना में प्रार्थी भूपेंद्र उर्फ बबलू की मौत हो गई। छाल पुलिस ने भी इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि हाटी के व्यापारी की सड़क हादसे में घायल होने की खबर आई। जिसके बाद एक स्थानीय सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर बाद उसे कोरबा के अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कोरबा से मर्ग डायरी प्राप्त होने के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जायेगी।

दूसरी ओर, घटना के दिन सरपंच पति के द्वारा मारपीट के मामले में प्रार्थी भूपेंद्र उर्फ बबलू जिसकी सड़क हादसे में मौत हो गई, ने विवाद के बारे में बताया कि मै ग्राम हाटी का निवासी हूँ, हाटी चौक के पास मेरा दुकान है। दिनांक 23 मार्च को मै सुबह लगभग 09-10 बजे दुकान खोलने आया तो देखा कि मेरे दुकान को संरपच पति श्याम सुंदर राठिया द्वारा लेबर लगाकर तोड रहा था। मेरे द्वारा दुकान को क्यो तोड रहा है बोला तो तुम कौन होते हो रोकने वाला कहकर गंदी गंदी गाली गलौच कर हाथ झापड से मारपीट किया है, एवं जान से मारने की धमकी दे रहा था। इस मामले के बारे में प्रार्थी द्वारा थाने में लिखित आवेदन पेश करने व श्याम सुंदर राठिया के विरूद्ध प्रथम दृष्टया अपराध धारा 294, 506, 323 भादवि का पाये जाने से आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in